जबलपुर, रविवार
29 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 272
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**

'हौसला सूरज से सीखो जो हर शाम ढल के भी अगली सुबह फिर उसी ऊर्जा के साथ दोबारा निकलता है।'

2 राममयी हुआ शहडोल श्रीराम नवमी...
5 उत्तरवाहिनी परिक्रमा में निकला...
7 पाक अब भी आतंकियों का गढ़...
11 वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी...

## भारत के दो और जहाजों ने सुरक्षित पार किया होर्मुज जलडमरूमध्य

नयी दिल्ली (वार्ता)

पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं। सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गये हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गयी है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से बिना रूकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाये हुए है और इसी का



परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था, पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज को पार कर देश आ चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इजरायल के ईरान पर संयुक्त हमलों के बाद से ईरान ने पश्चिम एशियाई देशों से पेट्रोलियम उत्पाद लेकर आने वाले जहाजों के होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सबसे व्यस्त रास्ते को बंद कर रखा है। ईरान ने शुक्रवार को भी तीन जहाजों को होर्मुज पार करने से रोक दिया और उन्हें वापस भेज दिया था।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग



**नयी दिल्ली(वार्ता)।** विशाखापत्तनम् से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग करायी गयी। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10.54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम् से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खामी का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी।

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू (वार्ता)।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितंबर को हुए जेन-जी विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पहले की सरकारें मानती थीं हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए : मोदी

### पीएम ने जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को किया संबोधित

नोएडा (वार्ता)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पहले की सरकारें हवाई यात्रा की सुविधा को सिर्फ अमीरों के लिए मानती थीं जबकि मौजूदा सरकार ने इसे गरीबों के लिए भी सुलभ कर दिया है। श्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 12 साल में देश में एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास हुआ है जिससे युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार भी मिल रहा है।



### गरीबों के लिए भी अब हवाई यात्रा सुलभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिये, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने उसे गरीबों के लिए भी सुलभ कर दिया है। उन्होंने केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार और उत्तर प्रदेश की सपा और बसपा की सरकारों पर नोएडा एयरपोर्ट के काम को जानबूझकर अटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे। आज 160 से ज्यादा हो गये हैं।

### उड़ान योजना शुरू की गयी

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि एयरपोर्ट भी बने और किराया भी बहुत अधिक न हो। इसलिए, उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना शुरू की गयी है। इस योजना के तहत अबतक 1.60 करोड़ लोग रियायती दरों पर टिकट लेकर हवाई सफर कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने हाल ही में उड़ान योजना के अगले चरण के लिए लगभग 29 हजार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके तहतअगले आठ साल में छोटे-छोटे शहरों में 100 नये हवाई अड्डे और 200 से अधिक हेलीपैड बनाने की योजना है।

### विमानन क्षेत्र तेजी से कर रहा विकास

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। इसके साथ विमानों की जरूरत भी बढ़ रही है। भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने सैकड़ों विमानों के ऑर्डर दिये हैं। इनको उड़ाने, रखरखाव आदि के लिए बहुत बड़ी संख्या में कार्यबल की जरूरत होगी। इसके लिए प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले देश में विमानों की रखरखाव, मरम्मत और ओवर हॉलिंग (एमआरओ) की पुख्ता व्यवस्था नहीं थी। आज भी 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है।

## अयोध्या में परिवहन मंत्री के महायज्ञ में भीषण आग

### अंतिम आहुति से पहले जलकर खाक हुई यज्ञशाला



**अयोध्या।** राम नगरी अयोध्या के राजघाट स्थित बाटी वाले बाबा घाट पर आयोजित सात दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के अंतिम दिन एक बड़ा हादसा हो गया। शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से यज्ञशाला के विशाल पंडाल में भीषण आग लग गई। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा आयोजित इस महायज्ञ का आज सातवां और आखिरी दिन था। शाम 6:00 बजे पूर्णाहुति और अंतिम आहुति का कार्यक्रम निर्धारित था, लेकिन दोपहर में अचानक उठी चिंगारी ने देखते ही देखते पूरी यज्ञशाला को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह के नेतृत्व में दमकल की 10 गाड़ियों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हादसे की खबर मिलते ही परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और गोसाईगंज विधायक अभय सिंह आयोजन स्थल पर पहुंचे। आग लगने के दौरान पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, जिससे कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने राहत की सांस लेते हुए कहा, सबसे बड़ी संतोष की बात यह है कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रशासन की ओर से टेक्निकल टीम को जांच के लिए लगाया जाएगा ताकि वास्तविक कारणों का खुलासा हो सके।

## ईरान जंग पर बात करने पाकिस्तान जाएंगे 3 देश

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्किये, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ,श्व भी अमेरिका और इजराइल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने,श्व पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से



95त्न को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्किये में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया।

## उत्तराखंड के कई नेता भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली (वार्ता)

उत्तराखंड विधानसभा के अगले वर्ष होने वाले चुनाव से पहले राजनीतिक दलों में हलचल शुरू हो गई है और इस क्रम में कई पूर्व विधायक, महापौर, पालिका अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़कर शनिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गये। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, विधायक दल के नेता यशपाल आर्य तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन सभी नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता



ग्रहण करने का दावा करने वाले इन नेताओं में रुद्रपुर से दो बार भाजपा विधायक रहे राजकुमार ठुकराल, सितारगंज से दो बार विधायक रहे नारायण पाल, घनसाली के पूर्व विधायक भीम लाल आर्य, रुड़की के पूर्व महापौर गौरव गोयल, भीमताल क्षेत्र से जुड़े लखन सिंह तथा मसूरी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष अनुज गुप्ता प्रमुख हैं। श्री ठुकराल ने कहा कि उपेक्षा तथा विश्वासघात से आहत होकर वह कांग्रेस में शामिल हुए हैं। भीम लाल आर्य ने कहा कि कांग्रेस उनके लिए नयी नहीं है, वह पहले से ही पार्टी की विचारधारा से गहराई से जुड़े हैं। सुश्री सैलजा ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों में भारी नाराजगी है और राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ा है। विभिन्न मामलों का खुलासा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने समय-समय पर किया है। श्री गोदियाल ने कहा कि हाल के विरोध प्रदर्शनों में आम जनता का समर्थन पार्टी को मिला है और भाजपा सरकार पूरी तरह से दबाव में है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उनकी छवि को चमकाने की कोशिशें विफल रही हैं और वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ चुकी है। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि राज्य की जनता अब

## ममता सरकार ने बंगाल को घुसपैठियों का बना दिया अड्डा : शाह

कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को टीएमसी सरकार के खिलाफ बीजेपी के आरोपों का एक संकलन जारी किया और दावा किया कि पश्चिम बंगाल घुसपैठियों के लिए एंट्री पॉइंट बन गया है, जो पूरे भारत में अशांति फैला रहे हैं। चार्जशीट जारी करने के बाद शाह ने बताया कि बंगाल की सीमाओं से होने वाली घुसपैठ राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, पिछले 15 सालों से, पश्चिम बंगाल में डर, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का राज चल रहा है। शाह ने कहा, ममता सरकार ने बंगाल को घुसपैठियों, अपराधियों और भ्रष्ट लोगों का अड्डा बना दिया है, जिससे राज्य दशकों पीछे चला गया है. टीएमसी सरकार के खिलाफ चार्जशीट जारी कर रहा हूँ। अभियोगनामा नाम के इस दस्तावेज में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 15 साल के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार और कुशासन के कथित मामलों को इकट्ठा किया गया है. शाह ने न्यू टाउन के एक होटल में यह चार्जशीट जारी की। वह शनिवार सुबह कोलकाता पहुँचे थे. शुक्रवार आधी रात के आस-पास शहर और उसके आस-पास के इलाकों में आए ज़ोरदार तूफ़ान की वजह से शाह के शहर पहुँचने में दो घंटे की देरी



हो गई। इस चार्जशीट में टीएमसी सरकार की 14 अलग-अलग क्षेत्रों में कथित नाकामियों को उजागर किया गया है. प्रशासन में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था का चरमराना, महिलाओं की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं, सिंडिकेट राज का बोलबाला और स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में संकट जैसे आरोप इस चार्जशीट में प्रमुखता से शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी इस चार्जशीट का इस्तेमाल टीएमसी की कथित कमियों को उजागर करने के लिए करेगी और उसके बाद अपने चुनावी घोषणापत्र या संकल्प पत्र में विकल्प पेश करेगी। यह घोषणापत्र अप्रैल के पहले हफ़्ते में जारी होने की उम्मीद है।

## अदाणी डिफेंस ने भारतीय सेना को स्वदेशी लाइट मशीन गन सौंपी

नयी दिल्ली/ अहमदाबाद (वार्ता)

एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्र में कारोबार करने वाली अदाणी समूह की कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने सेना को स्वदेश में बनी प्रहार 7.62 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) की 2,000 यूनिटें सौंपी हैं। कंपनी ने शनिवार को एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत की छोटे हथियार बनाने की देश की क्षमता में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। कंपनी के अनुसार उसने 2000 एलएमजी की पहली खेप सिर्फ 7 महीनों में प्रस्तुत की है जो तय समय से 11 महीने पहले है। कंपनी ने व्यावसायिक रूप से उत्पादन के लिए तय इस हथियार का पहला मॉडल 6 महीने में तैयार कर लिया था जबकि इसके लिए 18 महीने का समय तय था। इसके बाद बल्क प्रोडक्शन की मंजूरी मिली, जिससे बड़े पैमाने पर उत्पादन की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो सकी। पहली खेप सेना को प्रस्तुत करते



समय रक्षा मंत्रालय में महानिदेशक खरीद और अतिरिक्त सचिव ए. अनबरासु के साथ भारतीय सशस्त्र बलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। प्रहार एलएमजी अदाणी डिफेंस की ग्वालियर में स्थित छोटे हथियार बनाने के कारखाने में तैयार की गयी है। कंपनी के अनुसार यह देश की पहली पूरी तरह समन्वित विनिर्माण सुविधाओं से सुसज्जित निजी क्षेत्र की स्मॉल आर्म्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट है। करीब 100 एकड़ में फैली इस यूनिट में बैरल बनाने से लेकर बोल्ट कैरियर और रिसीवर तैयार करने, एडवांस सीएनसी मशीनिंग, रोबोटिक्स, सरफेस ट्रीटमेंट, सटीक माप, मेटलर्जी लैब और 25 मीटर की अंडरग्राउंड फायरिंग रेंज जैसी सभी सुविधाएँ मौजूद हैं। यहाँ हर साल करीब एक लाख हथियार बनाए जा सकते हैं, जिनमें 90 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा देश में ही तैयार होता है। इस कारखाने को उत्तर प्रदेश के कानपुर में अदाणी डिफेंस के एम्युनिशन कॉम्प्लेक्स से भी सहयोग मिल रहा है, जिसे वर्ष 2024 में शुरू किया गया था। इस यूनिट में हर साल करीब 30 करोड़ छोटे कैलिबर के गोला-बारूद बनाने की क्षमता है और आगे चलकर इसे बड़े और मीडियम कैलिबर के एम्युनिशन बनाने के लिए भी तैयार किया जा रहा है, जिससे हथियार और गोला-बारूद का पूरा सिस्टम और मजबूत होगा। डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और सप्लाई चेन को एक साथ जोड़ने का यह तरीका पूरे सिस्टम को ज्यादा मजबूत बनाता है, काम की गति को बेहतर करता है और रक्षा उत्पादन में लंबे समय तक आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद करता है।





# राममयी हुआ शहडोल, श्रीराम नवमी पर प्राकट्य पर्व में गूंजे भक्ति और संस्कृति के सुर

### भगवान श्रीराम हम सबके आदर्श : मनीषा सिंह

शहडोल

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन शहडोल के सहयोग से श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी ;पंचायतीद्ध मंदिरए शहडोल में एक दिवसीय ष्प्राकट्य पर्वष् का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बघेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और श्रीराम की महिमा का सुमधुर संगम देखने को मिलाए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम का जीवन मानव समाज के लिए एक आदर्श मार्गदर्शक के रूप में सदैव प्रेरणास्रोत रहा है। श्री राम ने अपने जीवन में हर भूमिका बालकए पुत्रए पतिए पिता तथा राजा को अत्यंत मर्यादाए कर्तव्यनिष्ठा और त्याग के साथ निभाया।

उन्होंने कहा कि श्री राम का चरित्र हमें सत्यए धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। एक आदर्श पुत्र के रूप में उन्होंने अपने पिता के वचन की मर्यादा रखीए एक आदर्श पति के रूप में पत्नी के प्रति समर्पण दिखायाए और एक आदर्श राजा के रूप में प्रजा के कल्याण को सर्वोपरि रखा।

मनीषा सिह ने कहा कि भगवान श्री राम के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैंए जितने प्राचीन काल में थे। उनका जीवन हमें समाज में नैतिक मूल्योंए भाईचारे और न्याय की स्थापना का संदेश देता है। ऐसे आदर्श सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों विधायक मनीषा सिंहए सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापतिए जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपराए जनपद अध्यक्ष सोहागपुर हीरावती कोलए एसडीएम अमृता गर्ग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले दलों के कलाकारों का अतिथियों ने माल्यार्पण से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत रीवा से आईं सुविख्यात लोकगायिका सुश्री रीता तिवारी एवं उनके साथियों द्वारा बघेली लोकगायन से हुई। उन्होंने सोहरए बधाईए गैलहाईए बनरा एवं बेलनहाईए देवी गीतए विवाह गीत जैसे पारंपरिक गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम और माता जानकी के प्रति अगाध श्रद्धा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। उनके गायन ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके पश्चात अखण्ड सुदर्पण जन कल्याण समितिए खंडवा द्वारा ष्हनुमान लीलाष् की प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई। इसमें भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान जी के जीवन प्रसंगों श्रीराम से मिलनए सुग्रीव संधिए लंका गमनए माता सीता की खोज एवं रावण के अहंकार के दमन को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। अंत में श्री हनुमान चालीसा एवं श्रीराम.हनुमान वंदना के साथ प्रस्तुति का समापन हुआ।

कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में भोपाल की प्रसिद्ध गायिका सुश्री भारती विश्वनाथन ने भक्ति गायन प्रस्तुत कर वातावरण को और अधिक आध्यात्मिक बना दिया। उन्होंने ष्राम ही तन मेंए राम ही मन मेंष् ष्भजमन राम चरण सुखदाईष् जैसे भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंहए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हाए जिला शिक्षा अधिकारी आरके मंगलानीए नोडल अधिकारी अमरनाथ सिंहए सहायक नोडल अधिकारी विवेक पाण्डेयए प्रियम त्रिपाठीए गोपाल शर्मा सहित गणमान्य नागरिकए पत्रकार तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भक्तिए संगीत व नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से शहडोल पूरी तरह राममयी हो गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनाए बल्कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन का भी सशक्त माध्यम सिद्ध होगा।



## नगर के अतिप्राचीन दक्षिण मुखी श्री हनुमान मन्दिर में हनुमान जयन्ती पर होगा विविध कार्यक्रमों का आयोजन

बुढ़ार

पवन सुत श्री हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के मध्य स्थित अतिप्राचीन श्री दक्षिण मुखी हनुमान मन्दिर नारायण सरोवर स्थल पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन पूरे श्रद्धा एवं उल्लासमय मनाया जायेगा।श्री नारायण सरोवर श्री हनुमान मन्दिर बुढ़ार में श्री हनुमान जयन्ती के पुण्य अवसर पर 31 मार्च की प्रात: 8 बजे से श्रीराम संकीर्तन एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है और 1 अप्रैल को प्रात: 10 बजे हवन कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

**वाद्ययंत्रों के मध्य दो पहिया वाहन रैली निकाली जायेगी**

श्री हनुमान जयन्ती महोत्सव पर कार्यक्रमों की श्रृंखला में 2 अप्रैल को प्रात: 7 बजे श्री हनुमान जी का पूजन एवं अभिषेक के उपरान्त 2 अप्रैल को ही प्रात: 8 बजे से नगर के विभिन्न मार्गों में वाद्ययंत्रों के मध्य दो पहिया वाहन रैली निकाली जायेगी और अपरान्ह 12 बजे से मन्दिर में विशाल भण्डारा ;प्रसादद्ध कार्यक्रम सम्पन्न होगा।इस पुनीत अवसर पर श्री हनुमान मन्दिर से 2 अप्रैल को रात्रि विशाल झांकी बाजे.गाजे व जयघोष के साथ नगर के मुख्य मार्गों में निकाली जायेगी।श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित विविध कार्यक्रमों में श्रद्धालु भक्तों से उपस्थिति का सादर आग्रह किया गया है।

# रामनवमी पर सोहागपुर में गूंजी एकता की मिसाल

### मुस्लिम समाज ने किया शोभायात्रा का भव्य स्वागत

शहडोल।

रामनवमी के पावन अवसर पर सोहागपुर स्थित रामजानकी मंदिर से हिन्दू समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गईए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा जैसे ही मार्गों से गुजरती हुई मस्जिद के सामने पहुंचीए वहां एक अलग ही नजारा देखने को मिला।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अंजुमन इस्लामिया कमेटी द्वारा शोभायात्रा का भावपूर्ण स्वागत किया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने आगे बढ़कर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत कियाए गले मिलकर उन्हें रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ठंडा पानीए शरबत का वितरण किया



गया और पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा को सम्मानित किया गया।

इस अनूठे दृश्य को देखकर लोग बेहद खुश नजर आए। सोहागपुर ने एक बार फिर हिंदू.मुस्लिम एकता की मिसाल पेश की। यहां वर्षों से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए दोनों समुदायों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सफ़ी उल्ला हन्नान खान सज्जाद खान अब्बास खान सूफियान खान शहजादा जुबैर यासिफ विक्की पिंटू नफीस शादाब जीशान भोले शंकर अग्रवाल सहित मुस्लिम समाज के दर्जनों युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। सोहागपुर का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनाए बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे की एक प्रेरणादायक मिसाल भी प्रस्तुत कर गया।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुढार।

पुलिस द्वारा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। फरियादिया द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि आरोपी कान्हा चेलानी निवासी मिश्रा कॉलोनी बुढार द्वारा शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाये गए तथा बाद में जातिगत आधार पर विवाह से इंकार कर दिया गया प्राप्त शिकायत के आधार पर थाना बुढार में आरोपीगण कान्हा चेलानीए आशीष चेलानी एवं नवीन चेलानी के विरुद्ध अपराध धारा बीएनएस एवं ैब्ध्ैज् एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान प्रकरण में एक आरोपी को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया जा चुका है। इसी क्रम में 28 मार्च 2026 को मुख्य आरोपी कान्हा उर्फ आकाश चेलानी पिता मेवनदास चेलानी उम्र 30 वर्ष निवासी मिश्रा कॉलोनी बुढार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में एक अन्य आरोपी नवीन चेलानी घटना दिनांक से फरार चल रहा हैए जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा सतत प्रयास किये जा रहे हैं

## ग्राम अमरहा में विभिन्न विभागों के समन्वय से वृहद जागरूकता एवं सहायता शिविर आयोजित

शहडोल।

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणए जबलपुर के दिशानिर्देश एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल 'श्री के एन सिंह महोदय' के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम अमरहा के राजपूत हायर सेकेंडरी स्कूल सभागार में वृहद विधिक जागरूकता एवं सहायता शिविर तथा शासन के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया।उक्त आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित जन समुदाय को महिला एवं बालको से संबंधित कानूनी प्रावधान व नालसा व सालसा द्वारा संचालित जन लाभकारी योजना की जानकारी प्रदान की गई।साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस विभागए सामाजिक न्याय विभागए महिला एवं बाल विकास विभागए स्कूल शिक्षा विभाग आदि के पदाधिकारी द्वारा उपस्थित जनमानस को उनके विभाग की संचालित विभिन्न योजना की जानकारी दी एवं उनके आवेदन लेकर यथा योग समस्याओं का समाधान किया गया।उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक अधिकारी देवेंद्र सिंह परस्तेए थाना प्रभारी सिंहपुरए असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल अंकिता सिंहएविद्यालय प्राचार्य कौशल सिंहए ने उपस्थित होकर जन समुदायों को विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया साथ ही मध्य प्रदेश शासन के द्वारा स्कूल शिक्षा विभागएमहिला बाल विकास विभागएसामाजिक न्याय विभागएस्वास्थ्य विभागए पुलिस विभाग के समन्वय से विभागों के द्वारा संचालित जन हितार्थ सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गईए साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनों व विद्यार्थियों ने संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याओं को विस्तृत रूप से रखा और उसका निदान भी प्राप्त किया ।

उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकर्ता बहने व ए एनएम महिला बाल विकास से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बहने तथा पशु चिकित्सालय से पशु चिकित्सालय विभाग के कर्मचारी गण पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारीए न्याय विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे सभी लोगों ने इस विशाल आयोजन का पूरा लाभ प्राप्त किया तथा उक्त आयोजन के प्रति उपस्थित जन समुदाय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल का आभार भी व्यक्त किया।

## पानी की तलाश में शहर की ओर आ रहे चीतल, अज्ञात वाहन की ठोकर से एक चीतल की हुई मौत

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले में एक बार फिर सड़क पर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। उमरिया कलेक्ट्रेट के आगे भरौला मार्ग पर देर शाम एक दर्दनाक हादसे में एक नर चीतल की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चीतल किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम के उमरिया परियोजना मंडल के अंतर्गत कक्ष क्रमांक 826 के पास की है। जैसे ही स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दी, वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया। मृत चीतल को वहां से हटाकर काष्ठागार में सुरक्षित रखवा दिया गया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृत चीतल लगभग 4 वर्ष का स्वस्थ नर था। अधिकारियों का मानना है कि गर्मी बढने के साथ जंगलों में पानी के स्रोत सूखने लगते हैं, जिससे वन्यजीव पानी की तलाश में सडकों की ओर आ जाते हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं बढ जाती हैं। परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि चीतल का पोस्टमार्टम डॉक्टरों की टीम द्वारा कराया जाएगा, जिसके बाद नियमानुसार अंतिम संस्कार किया जाएगा। साथ ही अज्ञात वाहन और उसके चालक की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी गई है।

### ग्राम सभाओं का आयोजन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा (6) के अनुसार डॉ. अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को प्रदेश में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा। ग्राम सभाओं के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले विभाग कार्यक्रम से संबंधित एजेंडा बिंदु एवं योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी 2 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से पंचायत राज संचालनालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि ग्रामसभा के जारी होने वाले एजेंडा में सम्मिलित किया जा सके।

### 31 तक बंद रहेगा पोर्टल

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-विकास पोर्टल पर 28 मार्च से 31 मार्च तक सभी प्रकार के उर्वरकों के लिए टोकन निर्माण सेवाएं बंद रहेंगी। आगामी 1 अप्रैल से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से प्रदेश में उर्वरक वितरण सुनिश्चित किया जाना है। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा ई-विकास पोर्टल शुरू किया गया है जिसका उद्देश्य किसानों को समय पर और पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराना है।

## जिला जेल में मानसिक बंदियों का किया गया परीक्षण

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि शनिवार 28 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, वी0एस0 चंदेल द्वारा जेल में परिरुध्द मानसिक बंदियों का उपचार एवं परीक्षण किया गया। जिसमें 08 बंदियों का उपचार किया। साथ ही जेल की अन्य सुविधा भोजन व्यक आदि का निरीक्षण किया व्यवस्थायें संतुष्टीपूर्वक पाई गई।

जेल निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक डी.के. सारस, तथा जेल



चिकित्सक डॉ0 एस.के. जैन एवं मेलनर्स कनिका रामपोल एवं ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी एवं ड्यूटीरत समस्त अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। जेलर उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को के द्वारा बंदियों को उपचार..परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया।

## 31 मार्च तक एमएलबी स्कूल में पुस्तक मेले का होगा आयोजन

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया दमोह में आयोजित पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 29 मार्च से लगाया जा रहा हैं। यह मेला शाम 4 बजे एमएलबी स्कूल में लगेगा। उन्होंने कहा इसे 29, 30 और 31 मार्च तीन दिन के लिए लगाया जायेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसको एक दिन और बढ़ाया जा सकता हैं। यानि 1 अप्रैल तक भी इसको ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा पुस्तक मेले की सारी तैयारियाँ लगभग पूरी हो गई हैं और इसमें दो आकर्षण और विशेष रूप से इस बार हम लोग रख रहे हैं जो पिछली बार नहीं थे।कलेक्टर कोचर ने बताया इस बार मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम इसकी किताबें भी यहां विक्रय के लिए रखेंगे। मध्य प्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के अधिकारी जो उनके डिपो के अधिकारी हैं भी यहाँ आ रहे हैं और वे अपना पूरा एक स्टॉल वहाँ प्रदर्शित करेंगे। जो विद्यार्थी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं जो माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड वाले हैं, उन बच्चों को ये किताबें आराम से और बहुत सस्ती दरों पर उपलब्ध हो जाएँगी।दूसरी महत्वपूर्ण चीजबुक बुक बैंक जिसके लिए मैं आप सब से आह्वान करना चाह रहा हूँ वह यह है कि वहाँ पर एक बुक बैंक का स्टॉल लगा रहे हैं।

## संयुक्त सचिव का दमोह दौरा कल

दमोह।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव और केंद्रीय प्रभारी अधिकारी अजीत कुमार कल 30 मार्च को दमोह जिले का दौरा करेंगे। यह दौरा आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा के लिए किया जा रहा है। आप 30 मार्च को प्रात: 11 बजे दमोह आयेंगे। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित में शामिल होंगे। दोपहर 2 से 3 बजे तक का समय रिजर्व रखा गया हैं। बैठक के बाद अपरान्ह 3 बजे फील्ड विजिट के माध्यम से विकास कार्यों का जमीनी निरीक्षण भी करेंगे। शाम 6:30 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# जिले में खेती का बदलता स्वरूप

### युवा किसान ने कलौंजी की खेती से दिखाई नई राह

**दमोह।** सरकार खेती को लाभ का धंधा बनानें की दिशा में लगातार काम कर रही है, सरकार ने इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष भी घोषित किया है शासन की नीतियों और विभागीय अधिकारियों की सक्रियता से किसान पारंपरिक फसलों के साथ ही अन्य फसले भी ले रहे है। जिले में खेती की तस्वीर अब धीरे धीरे बदलती नजर आ रही है। लंबे समय से गेहूं, चना और सोयाबीन जैसी परंपरागत फसलों पर निर्भर रहे किसान अब औषधीय और वैकल्पिक फसलों



की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इसी बदलाव की एक सशक्त मिसाल दमोह जिले की ग्राम पंचायत खड़ेरी युवा कृषक आकाश शक्ति पटेल द्वारा देखने को मिल रही है जहां किसान ने कलौंजी की खेती शुरू कर कृषि नवाचार की दिशा में नया प्रयोग किया है। खेती में लगातार बढ़ती लागत और परंपरागत फसलों में घटते मुनाफे के चलते औषधीय खेती किसानों के लिए एक बेहतर विकल्प वनकर उभर रही है। बटियागढ़ क्षेत्र में कलौंजी की खेती का यह प्रयास न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक साबित हो सकता है बल्कि अन्य किसानों को भी नई फसलों की ओर प्रेरित कर रहा है। कलौजी की प्रमुख मंडी नीमच मानी जाती है। वर्तमान में नीमच मंडी में कलौंजी का भाव 20 हजार से 30 हजार प्रति क्विंटल तक बताया जा रहा है। इस बाजार भाव को देखते हुए किसानों को इस फसल से परंपरागत फसलों की तुलना में कहीं अधिक मुनाफा मिलने की उम्मीद है। यदि उत्पादन अनुमान के अनुरूप रहा तो कम रकबे में भी अच्छी आमदनी संभव है। ग्राम पंचायत खड़ेरी के किसान आकाश पटेल ने बताया कि आयुष विभाग के जिला अधिकारी राजकुमार पटेल के मार्गदर्शन में एक एकड़ भूमि में कलौंजी की खेती कर नया प्रयोग किया है।

किसान के अनुसारए कलौंजी एक महत्वपूर्ण औषधीय फसल है जिसकी बाजार में सालभर मांग बनी रहती है। सही तकनीक और देखभाल के साथ एक एकड़ से 4 से 5 क्विंटल तक उत्पादन की संभावना रहती है।

# बारिश के साथ चलेंगी तेज हवाएं आज से तीन दिनों का अलर्ट

## नया सिस्टम हुआ एक्टिव, गर्मी से मिलेगी राहत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र में आज 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है। जिसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। इस दौरान जबलपुर सहित भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर समेत लगभग 40 जिलों में बारिश और तेज हवा चलने का अलर्ट है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। हालांकि, 28 मार्च शनिवार को प्रदेश में गर्मी का असर ज्यादा रहेगा। नर्मदापुरम में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है और लू जैसे हालात बने रहे। विगत दिवस साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ की वजह से कई जिलों में बादल छाए रहे और मौसम बदला हुआ नजर आया। मौसम विभाग के अनुसार, यह सिस्टम शनिवार तक कमजोर हो जाएगा, जिससे गर्मी बढ़ेगी। इसके बाद 29 मार्च से नया सिस्टम एक्टिव होगा, जिसका सबसे ज्यादा असर 30 और 31 मार्च को देखने को मिलेगा।



### फसलें हुई बर्बाद

शनिवार को जिले में अधिकतम पारा 37.01 डिग्री एवं न्यूनतम पारा 20.02 डिग्री दर्ज किया गया। गर्म हवा की वजह से आमजन परेशान नजर आए। बतां दें कि मार्च में अब तक आंधी-बारिश के दो दौर आ चुके हैं। एक दौर लगातार 4 दिन तक रहा। इस दौरान 45 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश हुई। वहीं कई जगहों पर ओले भी गिरे। इससे गेहूं, पपीता और केले की फसलें बर्बाद हुई है।

अब तीसरा दौर 29 मार्च से शुरू होकर 30 मार्च तक चलने की संभावना है। हालांकि, एक दौर 27 मार्च को भी आ चुका है, लेकिन ये ज्यादा प्रभावी नहीं रहा।

### अप्रैल-मई में तेज गर्मी का अनुमान

मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। इन दो महीने के अंदर जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। पिछले 10 साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो मार्च महीने में रातें ठंडी और दिन गर्म रहते हैं। बारिश का ट्रेंड भी है। इस बार भी ऐसा ही मौसम है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में बारिश का दौर रह चुका है। वहीं, रात का तापमान स्थिर है।



# समाज के विभिन्न संगठनों को जल संरक्षण में सहभागी बनाएं

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर ने ली बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें एमपीआरडीसी के जीएम अनिल राठौर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, समस्त जनपद सीईओ, सीडीपीओ और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन भागीदारी से जल सरंक्षण का कार्यक्रम 19 मार्च से शुरू हो चुका है जो लगभग 30 जून तक चलेगा, अतः जल संवर्धन के लिए पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभावी रूप से कार्य किये जायेंगे। अभियान के क्रियान्वयन को लेकर उन्होंने राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों की विस्तृत जानकारी देकर कहा कि इस संबंध में पहले भी बैठकें हो चुकी हैं, अतः अभियान के क्रियान्वयन के लिए दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों जैसे कार्य करें। इसके साथ ही समाज की सहभागिता के लिए जन जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाये।

**जल शोधन सिस्टम अपनाएं**

संपूर्ण अभियान का इस तरह से नियोजन किया जायेए जिससे यह अभियान समाज और सरकार की साझेदारी से जल संरक्षण एवं संवर्धन का जन आंदोलन बन सकें। बैठक में कहा गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर राज्य में जिले की रैंकिंग की समीक्षा की जायेगी, अतः जल संवर्धन से जुड़े कार्यों को माय भारत पोर्टल में अपलोड किया जाये। डीसिल्टिंपग के लिए जन सहयोग से कार्य करें। इसके साथ ही सभी विभागों से कहा गया कि वे अपने अपने विभागों में भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टगम लगवायें।



# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। श्री रामलीला समिति गढ़ा के तत्वावधान में आयोजित 36वें श्री रामजन्मोत्सव के अवसर पर धनवंतरी नगर साईं कॉलोनी गेट से भव्य रामजन्म शोभायात्रा अत्यंत धूमधाम, उल्लास और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच पर श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य की संत अर्चना के साथ हुआ, समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राजेंद्र प्यासी, मंत्री डॉ. भूपेंद्र उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक बघेल आदि ने पूजन अर्चन किया गया।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी रामफल मिश्रा एवं सर्वेश सक्सेना को समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, अध्यक्ष इंजी सुधीर रंजन दुबे, विधायक अभिलाष पांडे की उपस्थिति रही। शोभायात्रा में बैंड की मनमोहक धुनें, दुलदुल घोड़ी, धमाल, आकर्षक आतिशबाजी एवं जीवंत झांकियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। झांकियों में भगवान शंकर के तांडव नृत्य करती हुई झांकी, भगवान गणेश, भगवान शंकर, श्रीराम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न, विश्वामित्र, सुमंत्र सहित विभिन्न स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

# जबलपुर में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने किए जाएंगे सम्पूर्ण प्रयास: सांसद विवेक तंखा

### वायुसेवा संघर्ष समिति के साथ सम्पन हुई बैठक तैयार की रणनीति

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वायुसेवा संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और राज्य सभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की बैठक में जबलपुर को देश के अन्य शहरों से जोड़ने के लिए विस्तृत चर्चा की गयी। इस दौरान जबलपुर हवाई सुविधाओं के विस्तार को लेकर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने मजबूत रणनीति के साथ मैदान में उतरने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर से देश के महानगरों के लिए विमानन संपर्क बढ़ाना उनकी प्राथमिकता है। पूर्व में जबलपुर से पुणे, अहमदाबाद, कोलकाता और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों के लिए सीधी उड़ानें जो वर्तमान में बंद हो चुकी हैं। इन सेवाओं के बंद होने से न केवल जबलपुर बल्कि पूरे महाकौशल और पूर्वी मध्य प्रदेश के यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इन मार्गों को फिर से शुरू करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे।



**हैदराबाद उड़ान के समय में बदलाव की मांग**-इस बीच इंडिगो एयरलाइंस की हैदराबाद फ्लाइट का मुद्दा भी उठा। डॉ राजेश धीरावाणी, गीता शरत तिवारी, बलदीप मैनी, अंजना तिवारी और हिमांशु राय ने बताया कि वर्तमान समय सारणी यात्रियों के लिए सुविधाजनक नहीं है। यात्रियों की कठिनाइयों को देखते हुए इस फ्लाइट के समय में बदलाव के लिए एयरलाइन प्रबंधन से बात करना जरुरी है । मार्च 2024 में भी इन मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन हुआ था, जिसमें 6 जून को नो फ्लाइंग डे मनाया गया था।

### बड़े शहरों से कटा शहर का सम्पर्क

बैठक समिति के सदस्यों का मानना है कि 2 वर्ष के निरंतर संघर्ष के बाद कुछ सफलताएं मिली हैं, लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण शहरों से जबलपुर का संपर्क कटा हुआ है। इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य जबलपुर को देश के प्रमुख विमानन मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना है। राजनैतिक इच्छाशक्ति और जनता के सहयोग से निकट भविष्य में जबलपुर से कई नई उड़ानें शुरू हो सकेंगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। इस दौरान राजा सराफ, अजय बख्तावर, बब्बू यादव, प्रकाश राठौड़, लोकेश चौबे, प्रियंका केशरवानी और दिव्या पाठक उपस्थित रहे।

### गदा यात्रा से पहले सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रतिवर्षानुसार हिन्दू सेवा परिषद् के द्वारा हिन्दू नव वर्ष एवं परिषद चतुर्दश स्थापना दिवस पर होने वाली 31 मार्च को गदा यात्रा के पूर्व नौदरा ब्रिज स्थित श्री हनुमान के मंदिर में रामनवमी पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया। हनुमान चालीसा सामूहिक रूप से करने का उद्देश्य यह रहा कि कुछ देशविरोधी भारत का वातावरण खराब करना चाहते हैं, ऐसे तत्वों के साथ आम हिन्दू को रक्षा करने हेतु बल मिले इसलिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ इसलिए करना चाहिए कि क्योकि हनुमान चालीसा का नित्य पाठ है। हनुमानजी की यह स्तुति सबसे सरल और सुरीली है। तुलसीदास द्वारा रचित हनुमान चालीसा बहुत प्रभावकारी है। इसकी सभी चौपाइयां मंत्र ही हैं। जिनके निरंतर जप से ये सिद्ध हो जाती है और पवन पुत्र हनुमान जी की कृपा प्राप्त होती है। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, गौरव साहू, सौरभ जैन, राजा रजक, सतेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एपीएन स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल सदर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का प्रारम्भ सरस्वती जी के पूजन के साथ हुआ। यू के.जी के विद्यार्थियों ने अगली कक्षा में प्रवेश किया। अभिभावकों द्वारा संस्था की शिक्षा को सराहा गया। शाला के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव जी ने उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुये कहा कि, वर्तमान समय प्रतियोगिता का समय है हमारे शिक्षक/शिक्षिकाये विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के लिये लगातार प्रयासरत हैं, और विद्यार्थियों को नई नई तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्रदान कर रहे है। जिससे विद्यार्थी उन्नति की ओर अग्रसर हो सके एवं इन विद्यार्थियों का भविष्य सुनहरा हो सके। जिसके परिणाम स्वरूप हमारी शाला के विद्यार्थी लगातार उन्नति की ओर अग्रसर हो रहे हैं। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किये गये। कार्यक्रम में संस्था सह सचिव मयंक श्रीवास्तव, महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंग, सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करण खुराना, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलीप कोरी, पुष्पांजलि पाठक, ज्योति मिश्रा, शमीमा खान, रविंदर कौर, शिल्पी शुक्ला आदि का योगदान रहा।



# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

### तिलवारा के ग्राम झिरी रोड की घटना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** तिलवारा थानातंर्गत ग्राम झिरी रोड पर बीती शाम अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को ग्राम झिरी पिपरिया निवासी 38 वर्षीय रामस्वरूम ठाकुर ने बताया कि वह अपनी बहन के घर ग्राम ढगोरखपुर बरगी जवारे देखने गया था। उसका भाई शाम को सुखचैन की मोटर साइकिल स्पेलेण्डर से खेत जाने का कहकर निकला था। देरशाम उसे पता चला कि उसके छोटे भाई धनराज ठाकुर का एक्सीडेंट हो गया है। जब वह ग्राम झिरी रोड पर पहुंचा तो उसका भाई धनराज ठाकुर का शव पड़ा था और समीप ही मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी थी। जिसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसके भाई धनराज ठाकुर उम्र 29 वर्ष की मृत्यु हो गयी है। पुलिस ने मामले में आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सांदीपनि पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केजी-1, केजी-2 से लेकर कक्षा पहली से चौथी, नवमी, ग्यारहवीं एवं बोर्ड कक्षाओं में कक्षा 5वीं और 8वीं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को फूलमाला, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा लड्डू खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में सेजल सेन, सिद्धि गुप्ता, श्रेया नापित, यति तिवारी, नव्या, अवनी बर्मन, आरिफ लोधी, प्रिंस कुशवाहा, करिश्मा यादव, अलवीरा रंगरेज, साधना चौबे, नैतिक कुमार नामदेव, चांदनी यादव, मोनिका, शुभांगी साहू, सौरभ बर्मन, बिपाशा तिवारी एवं आदर्श पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय, उप प्राचार्य शैलेंद्र कुमार मिश्रा एवं शिक्षकों-पालकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य उपाध्याय ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पालक-शिक्षक समन्वय को आवश्यक बताया, वहीं उप प्राचार्य मिश्रा ने 1 अप्रैल से नियमित कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की।

### 26 अप्रैल को झारिया समाज का सम्मेलन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। झारिया कल्याण संघ के तत्वाधान में झारिया समाज का सम्मेलन मानस भवन प्रेक्षागृह में रविवार 26 अप्रैल को आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के दौरान विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए सुयोग्य जीवन साथी तलाशने के लिए उनको अधिक से अधिक संख्या में मंच पर आमंत्रित कर अगना स्वयं का परिचय देने हेतु अवसर प्रदान किये जायेंगे। समाज में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्ष 2025 में कक्षा 10वीं एवं उच्च कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। दहेज रहित, निःशुल्क, आदर्श विवाह सम्पन्न कराये जायेंगे। वरिष्ठजनों एवं समाज की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा। संघ के डॉ. एनपी झारिया, गनेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, सोमराज झारिया, पुष्पा झारिया ने अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सम्मेलन में पधार कर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

# पहले शादी से इनकार, बाद में एफआईआर दर्ज होते ही कर लिया विवाह

### खमरिया थाने का मामला, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पहले शादी से इनकार करने वाले युवक का फैसला पुलिस कार्यवाही के डर से अचानक बदल गया। युवती की शिकायत पर एफआइआर दर्ज होते ही युवक ने कुछ ही घंटों में उससे संपर्क कर विवाह कर लिया। दरअसल यह मामला खमरिया थाना क्षेत्र के डूडी पिपरिया गांव का है, जहां प्रेम प्रसंग विवाद के बाद यह घटनाक्रम सामने आया। इस मामले में खमरिया थाने में शिकायत करते हुए 24 वर्षीय युवती ने बताया कि उसकी ग्राम डूडा पिपरिया में रहने वाले रंजीत कुशवाहा की दो साल पहले पहचान हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध स्थापित हो गए। इस दौरान रंजीत ने युवती से संबंध बनाए, पर शादी के लिए तैयार नहीं हो रहा था। युवती के परिवार वालों ने रंजीत को समझाने की कोशिश की पर वह नहीं माना, और अचानक गांव से गायब हो गया। एक सप्ताह से युवती लगातार रंजीत से मोबाइल पर संपर्क कर रही थी, पर बात नहीं हो पाई।



इस बीच परिवार वालों को पता चला कि वह गर्भवती हो गई है। शुक्रवार रात युवती परिवार वालों के साथ खमरिया थाने पहुंची और रंजीत के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने दुष्कर्म, एसटी एक्ट की धाराओं के तहत रंजीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तलाश में जुट गई। युवती ने बताया कि चार माह पहले तक वह शादी करने को तैयार था, पर कुछ दिनों पहले अचानक ही बात करना बंद कर दिया। इस दौरान युवती की शिकायत पर पुलिस ने रंजीत कुशवाहा के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई थी, इसी बीच शनिवार सुबह वह भी गायब हो गई। परेशान परिवार वाले खमरिया थाने पहुंचे और बताया कि उनकी बेटी कहीं चली गई है।

### मंदिर जाकर की शादी

पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर ही रही थी, कि उसकी मां के मोबाइल पर युवती का मैसेज और वीडियो आया, जिसमें उसने बताया कि उसने रंजीत से मंदिर में विवाह कर लिया है, और अब उसी के साथ रहेगी। वीडियो में युवती बता रही थी कि वह बालिग है, और उसने अपनी मर्जी से बिना किसी के दवाब में यह शादी की है।

खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक का कहना है कि तीन माह पहले युवती थाने आकर रंजीत के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, उस समय वह गर्भवती थी। बाद में दोनों के बीच पुलिस थाने में ही समझौता हो गया था, जिसमें दोनों एक दूसरे के खिलाफ कोई भी शिकायत दर्ज नहीं करना चाहते थे। पुलिस के मुताबिक एफआईआर दर्ज हो चुकी है, और पुलिस कार्रवाई कर कर दोनों को कोर्ट में पेश करेगी, अंतिम निर्णय वहीं से होगा।






# मंगल भवन परिसर में 'प्राकट्य पर्व' का भव्य आयोजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन उमरिया के सहयोग से मंगल भवन परिसर, उमरिया में शुक्रवार 27 मार्च को रामनवमीं के पावन अवसर पर एक दिवसीय 'प्राकट्य पर्व' का आयोजन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। मध्यप्रदेश के सुविख्यात कलाकारों ने मंगल भवन परिसर में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रीराम नाम की दिव्यता बिखेर दी।

इस अवसर पर पहली प्रस्तुति बघेली लोकगायन की रही, जिसे श्री मुनीन्द्र मिश्रा एवं साथियों, शहडोल ने प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रस्तुति का प्रारंभ जनमें अवध में राम मंगल गावो री.... के साथ किया। इसके बाद बाजी बाजी रे बधाईया बड़ी भोर...तुम्हरे दरश को है आये पांव परवालौ री मईयां... एवं अंत में मां पतित पावनी, हे मां जगतारिणी...के साथ प्रस्तुति को विराम दिया। उनके साथ सुश्री रश्मि नेगी एवं सुश्री श्यामा सोनी ने गायन में साथ दिया। तबले पर श्री हिमांशु मिश्रा, ढोलक पर श्री अशोक राही एवं की-बोर्ड पर श्री अमित भारती ने संगत दी।

अगली प्रस्तुति श्रीराम केन्द्रित नृत्य नाटिका की रही, जिसे डॉ. नेहा विश्वकर्मा एवं साथी, जबलपुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नाटिका का प्रारंभ गणेश वंदना एवं देवी स्तुति के साथ किया। तत्पश्चात अलग-अलग प्रसंगों में श्रीराम की महिमा दिखाई। सर्वप्रथम राम जन्म प्रसंग को मनभावन ढंग से प्रस्तुत किया। इसके बाद नन्हे प्रभु राम एवं माता कौशल्या, कैकेई एवं सुमित के वात्सल्य प्रेम, राम का माता सीता के बाग में प्रथम भेंट, राम विवाह एवं अंत में श्रीराम चंद्र कृपालु भजमन भजन के साथ नाटिका का समापन किया। डॉ. नेहा के साथ सुश्री आरोही मिश्रा, सुश्री आराध्या मिश्रा, सुश्री अदिति रॉय, सुश्री सिमरन मालिक, सुश्री नेत्रा यादव, सुश्री निकिता गुप्ता, सुश्री श्रेया शीरसागर ने नृत्य किया।कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति सुश्री पल्लवी तिवारी, सिवनी द्वारा भक्ति गायन की रही। उन्होंने गायन का आरंभ गणेश वंदना के साथ किया। इसके बाद बधाई गीत जन्में है राम रमैया....गाकर श्रीराम जन्म की बधाई सभी को दी। अगले क्रम में तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे....गाकर श्रीराम के सौंदर्य को सुरों से सजाया। इसके बाद राम आयेंगे....,नगरी हो अयोध्या सी....एवं सिया राम जय राम जय राम....भजनों का खूबसूरत ताना-बाना प्रस्तुत कर वातावरण में आनन्द रस घोल दिया। श्री राम जानकी बैठे हैं...,रामा रामा रटते बीती रे उमरिया..., राम जी की निकली सवारी....,कभी राम बनके कभी श्याम बनके जैसे भजन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। अंत में श्रीराम स्तुति प्रस्तुत कर विराम दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, धनुषधारी सिंह. ज्ञानेन्द्र सिंह गहरवार. पत्रकार केके शुक्ला सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी और बडी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## पाली में जवारा जुलूस के दौरान ऑटो चालक पर चाकू से हमला, एक आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के पाली थाना क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जवारा जुलूस के दौरान एक ऑटो चालक पर चाकू से हमला कर दिया गया। धार्मिक माहौल के बीच हुई इस अचानक हिंसक घटना ने पूरे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल की पहचान मंगलू के रूप में हुई है, जो पेशे से ऑटो चालक है। बताया जा रहा है कि जुलूस के दौरान वह मौके पर मौजूद था, तभी कुछ अज्ञात युवकों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बिना किसी चेतावनी के उस पर चाकू से कई वार किए और घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल मंगलू को तुरंत पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत स्थिर बनी हुई है, हालांकि लगातार निगरानी रखी जा रही है। सूचना मिलते ही पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य हमलावर अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस टीम द्वारा उनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। प्राथमिक जांच में आपसी रंजिश की आशंका भी जताई जा रही है, हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, इस घटना के बाद क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।


## चंदिया में हुई चोरी का चौबीस घंटे में पर्दाफाश मंदिर में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार




**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले के चंदिया नगर में बीते दिनोंवार्ड क्रमांक 01 मे चोरो द्वारा शिवमंदिर का घंटा एवं तांवे के शेषनाग अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था, जानकारी मिलने पर चंदिया थाना पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(4),305(क) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। अपराध पंजीबद्ध होने के बाद थाना चंदिया द्वारा अलग अलग पुलिस टीमों का गठन कर घटना के संबंध मे घटना स्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद तीन संदेहियों को चिन्हित किया गया जिसके बाद संदेही मनीष चौधरी को हिरासत मे लेकर बारीकी से पूछताछ की गई जिसके द्वारा अन्य साथी नानू चौधरी, सिद्धार्थ हरिजन के साथ चोरी की वारदात को अंजाम देना कुबूल किया गया जिसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल दो आरोपियों मनीष चौधरी पिता मुकेश चौधरी उम्र 20 साल निवासी वार्ड क्रं. 02 एवं ज्ञानी चौधरी पिता झपसा चौधरी उम्र 42 साल निवासी चौधरी मोहल्ला थाना चंदिया को गिरफ्तार कर लिया।

**कबाड़ी को बेचा चोरी का सामान**

आरोपियों के द्वारा चोरी किया मशरूका चौधरी मोहल्ला के कबाडी ज्ञानी चौधरी के पास बेचा जाना बताया,प्रकरण में चोरी गया मशरूका आरोपी मनीष चौधरी एवं ज्ञानी चौधरी के कब्जे से जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय उमरिया पेश किया गया है। मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी नानू चौधरी और सिध्दार्थ हरिजन घटना दिनांक से फरार हैं जिनकी तलाश की जा रही है।



## वैन पलटने से एक युवक गंभीर रूप से घायल

**उमरिया।** कोतवाली थाना अंतर्गत बरबसपुर पुलिया के पास शनिवार 28 मार्च को सुबह करीब 8.30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया,जब कबाड़ बस को टोचन कर जबलपुर ले जा रही टोइंग वैन अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में जबलपुर निवासी मोहम्मद सद्दाम गंभीर रूप से घायल हो गए।बताया जा रहा है कि हादसे के समय एक अन्य युवक भी टोइंग वैन में सवार था,जो पूरी तरह सुरक्षित है।घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बरबसपुर पुलिया की बताई जा रही है।हालांकि हादसे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है,लेकिन मौके की स्थिति देखकर वाहन के अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रबंधक सत्येंद्र कुमार वर्मा ने तत्काल 108 एम्बुलेंस मौके पर भेजी।

# बहराधाम में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

शुक्रवार 27 मार्च को चैत्र नवरात्र की नवमी पर नगर के प्रख्यात बहराधाम में भगवान श्रीराम का प्रकटोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त मे जैसे ही दशरथ नंदन श्रीराम के अवतरण की घोषणा हुई, पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।



ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर श्री रघुनाथ मानस कला मंदिर के अध्यक्ष अजय सिंह ने विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न कराया और उपस्थित नगरवासियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन जिले भर में विविध धार्मिक आयोजन हुए। मंदिरों मे हवन-पूजन, भंडारों के अलावा शोभायात्राएं निकाली गई तथा श्रद्धा के सांथ जवारों का विसर्जन किया गया। नगर के बहराधाम का चौत्र उत्सव इस बार भी अपनी ख्याति के अनुरूप भव्य एवं खास रहा।

जहां सायंकाल विभिन्न क्षेत्रों से आये जवारों का एकत्रीकरण किया गया। मातेश्वरी की पूजा-अर्चना एवं पारंपरिक कालिका नृत्य के बाद ज्वालामुखी मैया के जयकारों के साथ विशाल जवारा जुलूस अपने गंतव्य को रवाना हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक अजय सिंह ने खप्पर लेकर कालिका नृत्य में सहभागिता की जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर पहुंच गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अजय सिंह, राजेश शर्मा, ठाकुरदास दास सचदेव, ओमप्रकाश सोनी, अशोक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोन्फोर्ट विद्यालय गर्राटोला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

## शत-प्रतिशत सफलता से बढ़ा गौरव

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।











मोन्फोर्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय गर्राटोला ने सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। विद्यालय की कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विशेष बात यह रही कि इन कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

जानकारी अनुसार, कक्षा 8वीं अंग्रेजी माध्यम के परिणाम पर नजर डालें तो कुल 48 विद्यार्थियों में से 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 26 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 11 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर सफलता प्राप्त की। इस वर्ग में छात्र रौनक पापड़े ने 93.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा साक्षी परस्ते ने 92.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### कक्षा आठवीं का सफल परिणाम...

कक्षा 8वीं हिन्दी माध्यम का परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा। कुल 40 विद्यार्थियों में से 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। इस वर्ग में छात्रा जानवी धुर्वे ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं गरिमा मेरावी ने 90.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और तृप्ती राहांगडाले ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

### कक्षा पाचवीं का सफल परिणाम...

इसी प्रकार कक्षा 5वीं अंग्रेजी माध्यम में भी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल 51 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 30 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 15 विद्यार्थियों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कक्षा उत्तीर्ण की। इस कक्षा में छात्रा अंबिका पोरते ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया और विद्यालय का नाम रोशन किया।


### शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम...

विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर डेविड इन्दवार, ब्रदर मारिया, ब्रदर एन्तोनी रेड्डी एवं ब्रदर एडिसन सहित समस्त शिक्षकगण ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। साथ ही अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

### विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना...

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। यही कारण है कि यहां शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर भी बराबर जोर दिया जाता है।

विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर अभिभावकों में भी खुशी की लहर देखी गई। सभी ने बच्चों कीउज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने यह विश्वास जताया है कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन करते रहेंगे।




## हनुमान जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा
### 40 किलो वजनी मुकुट धारण करेंगे साधक महाराज मोहित सोनी

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** धर्म और आस्था की नगरी बालाघाट में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष भी अत्यंत गरिमामय और भव्य रूप में मनाया जाएगा। हनुमान सेवा दल समिति एवं माँ त्रिपुर सुंदरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष के कार्यक्रमों में मुख्य आकर्षण श्री हनुमान जी महाराज के स्वरूप (मुकुट) का भव्य चल समारोह होगा। उक्त जानकारी 28 मार्च की दोपहर 1 बजे क़रीब त्रिपुरी सुंदरी मंदिर में प्रेस वार्ता के दौरान दी गई। जानकारी अनुसार, त्रिपुरी सुंदरी मंदिर से यह चल समारोह का नौवां वर्ष है, जहां साधक अपनी 40 दिनों की तपस्या और साधना के पश्चात 40 किलों वजनी मुकुट धारण करता हैं। इस वर्ष हनुमान जी महाराज का चोला धारण करने का विशेष सौभाग्य हनुमान भक्त महाराज मोहित सोनी को प्राप्त हुआ है। इस प्रेस वार्ता में शंकर मोटवानी, विहिप के जिलाध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा, राजू सोनी, सुनील आडवाणी, अकाश ठाकुर, सुमित मंगलानी, माणकचन्द सोनी, अविनाशसिंह ठाकुर, लवेश वाधवानी, नीरज सोनी, अमन सनपाल, सुशील ठाकुर, कैलाश सोनी और ऋ षि रंगलानी सहित अन्य की मौजूदगी।विहिप के जिलाध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा ने बताया कि 23 मार्च को श्री हनुमंत महाराज स्वरूप स्थापना पूजन एवं पुराना श्रीराम मंदिर में तेल-सिंदूर अर्पण कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं 26 मार्च को स्वरूप धारण का ट्रायल आयोजित किया गया तथा 27 मार्च को प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पर अभिषेक किया गया। आगामी कार्यक्रमों में 30 मार्च को माँ त्रिपुर सुंदरी मंदिर से समस्त मंदिरों के दर्शन होंगे, वहीं 31 मार्च को चौरई महाकाल समिति द्वारा महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

# रामपायली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : वैनगंगा नदी से अवैध रेत उत्खनन पर शिकंजा, 8 आरोपी गिरफ्तार

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के थाना रामपायली पुलिस ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करों के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया हैं। पुलिस ने वैनगंगा नदी से रेत निकालकर परिवहन कर रहे 4 ट्रैक्टर और 1 लोडर मशीन को जप्त करते हुए कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। जप्त वाहनों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देश पर जिलेभर में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय और एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में थाना रामपायली पुलिस ने देर रात्री में यह प्रभावी कार्रवाई की।



**रात्रि में पुलिस की दबिश...**

पुलिस ने 27-28 मार्च की दरमियानी रात लगभग 2 बजे सूचना मिली कि ग्राम सेलवटपार और भेंडारा से लगी वैनगंगा नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। लोडर मशीन की मदद से रेत को ट्रैक्टरों में भरकर महाराष्ट्र की ओर परिवहन किया जा रहा था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप मौर्य के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल मौके पर दबिश दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों ओर से घेराबंदी की और अवैध उत्खनन करते हुए आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ लिया। इस दौरान 4 ट्रैक्टर और 1 लोडर मशीन को जप्त किया गया। जप्त वाहनों में जॉन डियर का एक ट्रैक्टर लोडर और स्वराज 742 के चार ट्रैक्टर ट्रॉली शामिल हैं।

**यह है आरोपी...**गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अधिकांश महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के निवासी हैं। इनमें नरेंद्र मेश्राम रावनवाड़ी निवासी, नामदेव कारे सिवनी निवासी, पालेन्द्र कुशराम निलसा निवासी, दुर्गेश भोयर टेड़वा निवासी, मुकेश मात्रे टेड़वा निवासी, अरविन्द्र गजभिये रापेवाड़ा निवासी, रितेश सुलाखे पाठाराबोड़ी निवासी और अनमोल नेवारे बिरसी शामिल हैं।

**यह अपराध में गए जेल...**पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 303 (2), 317 (5), 3(5) एवं खनिज अधिनियम 53 (1), 4/21 एक्ट 177,130(1) मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। थाना रामपायली में अपराध क्रमांक 120/26 और 121/26 के तहत मामले पंजीबद्ध कर वारासिवनी माननीय न्यायालय के समक्ष आठ आरोपियों को पेश कर अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

**इनकी रहीं भूमिका...**इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दिलीप मौर्य, उप निरीक्षक कलशराम उईके, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र गहरवार, सउनि राजीव जाचक, प्रआर शैलेन्द्र सैयाम, आरक्षक आलोक बिसेन, श्यामसिंह, रविन्द्र, जितेन्द्र, नरोत्तम, अंकित, चालक नासीर, डायल 112 पायलेट अनिल सहित पुलिस बल की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# उत्तरवाहिनी परिक्रमा में निकला नर्मदा प्रेमियों का जत्था यात्रा में दिखा श्रृद्धा आस्था विश्वास का अनूठा संगम





मण्डला (स्वतंत्र मत)।

शनिवार की सुबह किला वार्ड स्थित व्यास नारायण मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए दो दिवसीय उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का आगाज हुआ। हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी नर्मदा तट पहुंचे और पूजन अर्चन करते हुए यहां से दो दिवसीय उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा के लिए रवाना हुए। यहां पर नर्मदा परिक्रमा करने अन्य प्रांतो से भी धर्मप्रेमी पहुंचे लगभग 2 हजार नर्मदा प्रेमियों ने उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा आरंभ की है।

नर्मदा नगरी मंडला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा विगत पांच वर्षो से आयोजित की जा रही है। महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के तत्वाधान में उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा 28 मार्च को प्रात: नगर के व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर प्रारंभ की गई। दो दिवसीय इस नर्मदा परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं ने किलाघाट से मां नर्मदा को नाव से पार करके दूसरे तट पर पुरवा स्थित मां सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ दक्षिण तट पहुंचे। महाराजपुर संगम से होते हुए घाघी के लिए नर्मदा परिक्रमा पदयात्रा की।जनप्रतिनिधियों स्थानीय नागरिकों ने उत्तर वाहिनी पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत, अभिवादन करते हुए हर हर नर्मदे के जय घोष किए। उत्तर वाहिनी मां नर्मदा की पवित्र परिक्रमा यात्रा के प्रति लोगों की श्रृद्धा आस्था विश्वास और आध्यात्मिक भाव का ये अदभुत समागम है। पैदल परिक्रमा में वृद्धजन मातृ शक्तियों, युवा बड़ी संख्या में शामिल हैं। ये मां नर्मदा के प्रति अटूट श्रद्धा का भाव मन में समेटे हुए है। घाघी में देर शाम मां नर्मदा की महाआरती की गई। जिसमें धर्मप्रेमी के साथ स्थानीय ग्रामीण भी सहभागी हुए यहां पर संगीतमय महाआरती कराई गई। परिक्रमावासियों ने बताया कि उत्तरवाहिनी परिक्रमा का जगह–जगह स्वागत किया गया। भक्तों द्वारा सभी के लिए व्यवस्थाएं की। आयोजन समिति ने यात्रा के संदर्भ में बताया कि मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक मां नर्मदा का प्रवाह कभी उत्तर और कभी दक्षिण दिशा की ओर है।

अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक के पूरे नर्मदा क्षेत्र में तीन स्थान ऐसे हैं। जहां मां नर्मदा उत्तरवाहिनी हुई हैं। इनमें से एक गुजरात में तिलकवाड़ा, दूसरा मंडला और तीसरा ओंकारेश्वर के पास का स्थान है। गुजरात के तिलकवाड़ा में उत्तरवाहिनी परिक्रमा वर्षो से की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडला में मां नर्मदा के दक्षिण तट में संगम घाट से घाघी तक या उत्तर तट के अनुसार किले घाट से बबैहा तक करीब 21 किमी तक का प्रवाह उत्तर दिशा की ओर है और चैत्र मास में की गई। उत्तरवाहिनी नर्मदा की परिक्रमा को शास्त्रों में सम्पूर्ण नर्मदा की परिक्रमा के बराबर पुण्यदायक बताया गया है।

इसी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा विगत पांच वर्ष से उत्तरवाहिनी परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजित नर्मदा परिक्रमा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान, दिल्ली, मुम्बई सहित प्रदेश भर से करीब 2000 लोग शामिल हुए हैं। बताया गया कि शनिवार प्रात: प्रारंभ हुई यात्रा शाम को घाघा–घाघी पहुंची जहां रात्रि विश्राम कर आज सुबह नर्मदा पार कर बबैहा गरम पानी कुण्ड पहुंची। जहां से ग्वारी, फूलसागर, तिंदनी, गाजीपुर, कटरा, गौंझी, देवदरा होते हुये व्यास नारायण मंदिर पहुंचकर शाम को यात्रा का समापन होगा। जहां यात्रा के समापन पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कांसकार, आनंद सोनी ने बताया कि वे हर साल मां नर्मदा की परिक्रमा करते है। मां नर्मदा की असीम कृपा से लगातार वे अपने जीवन में आगे बढ़ते ही चले गए मन में मां नर्मदा के प्रति सच्ची श्रृद्धा और विश्वास है तो आपकों जीवन में आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता है।

मां नर्मदा के प्रति ऐसी आस्था और विश्वास है कि लोग प्रदेश के अनेक जिले से उत्तरवाहिनी परिक्रमा करने के लिए मण्डला आये हुए है। नर्मदा भक्तों में एक गजब का उत्साह देखा गया। उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा में हर एक वर्ग शामिल है। नमर्दा परिक्रमा करने के दौरान लोगों के चेहरों में एक अलग चमक भी दिखाई दे रही थी इस दौरान अनेक भक्तों ने परिक्रमावासियों के लिए स्वल्पाहार एवं चाय पानी की व्यवस्था भी कर रखी थी।

# खैरमाई मंदिर से निकाले ज्वारे

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।



सार्वजनिक खेरमाई मंदिर भुआ में माता के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष ज्वारे कलश शीतला खप्पर की स्थापना की गई थी। 19 मार्च चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि में सनातन हिन्दू नववर्ष 2083 का प्रारंभ होता है और पावन नवरात्रि पर्व का प्रथम दिन भी होता है। इस शुभ अवसर में समस्त नगरवासियों द्वारा खेरमाई मंदिर भुआ में जवारे कलश की स्थापना हुई प्रतिदिन प्रात: सायं पूजन आरती के साथ रात्रि में सभी नगरवासी जस गायन करते रहे। 26 मार्च को खेरमाई समिति द्वारा जगत माता को अष्टमी भेंट की गई एवं 27 मार्च को कन्या पूजन एवं कन्या भोज संपन्न हुआ और जवारे कलश विसर्जन हेतु यात्रा निकाली गई। जिसमें माताएं एवं कन्याएं अपने सिर पर कलश शीतला खप्पर रखकर जलाशय में विसर्जन करने पहुंची और प्रसाद भण्डारा वितरण कार्यक्रम किया गया।

## एक लाख का सौंपा चैक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए मनेरी स्थित प्राइमो पिक एन. पैक प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री द्वारा जनहित में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से कलेक्टर को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह राशि रेडक्रॉस सोसाइटी की सहायता के लिए दी गई है ताकि जिले में स्वास्थ्य और सामाजिक सेवाओं को और सुदृढ़ बनाया जा सके। उल्लेखनीय है कि प्राइमो पिक एन. पैक प्रा.लि. द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत यह पहली पहल नहीं है इससे पूर्व भी कंपनी द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी मण्डला को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। कलेक्टर ने फैक्ट्री प्रबंधन के इस सहयोग की सराहना की है।

# कलेक्टर की संवेदनशीलता से मिली पुस्तकें

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

मानवता और संवेदनशील प्रशासन का एक प्रेरणादायक उदाहरण जिले में देखने को मिला, जब एक युवा की छोटी–सी समस्या को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्परता से समाधान सुनिश्चित किया। अंजनिया तहसील के ग्राम मांद निवासी युवक अंकित श्रीवास ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकों के अभाव की समस्या मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष रखी थी। इस पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने तुरंत संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि युवक को आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाए ताकि उसकी तैयारी प्रभावित न हो। कलेक्टर के निर्देशों का पालन करते हुए गुरुवार को शिक्षा विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम स्वयं युवक के घर पहुंची और उसे प्रतियोगी परीक्षाओं की उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराईं। इस दल में तहसीलदार अंजनिया अजय श्रीवास्तव, सहायक संचालक शिक्षा विभाग एल.एस. मसराम तथा एपीसी मुकेश पांडेय शामिल रहे। यह पहल न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाती है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि शासन आमजन की छोटी–छोटी समस्याओं के प्रति भी सजग और प्रतिबद्ध है। ऐसे प्रयास युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं और उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## तुलसी साहित्य कार्यकारिणी गठित

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विगत दिनों प्रदेश की साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था तुलसी सहायता अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मोहन तिवारी आनंद द्वारा जिले के शिक्षाविद, चिंतक, विचारक अरविंद कुमार शुक्ल को संस्था की जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर कार्यकारिणी गठित करने निर्देशित किया गया तदनुसार जिले के साहित्यकारों से चर्चा कर तुलसी सहायता अकादमी की मंडला शाखा की निम्नानुसार कार्यकारिणी गठित की गई।

## निर्माणाधीन पीएचसी का निरीक्षण

**मण्डला/अंजनिया(स्वतंत्रमत)।** जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के तहत निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंजनिया का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रस्तावित 30 बिस्तरीय अस्पताल की संरचना एवं सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रखने के निर्देश दिए।

## सांदीपनी विद्यालय निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** अंजनिया में निर्माणाधीन सांदीपनी विद्यालय का कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अवगत कराया गया कि विद्यालय परिसर लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। प्रस्तावित भवन में ग्राउंड, प्रथम एवं द्वितीय तल सहित कुल लगभग 9503 वर्गमीटर निर्मित क्षेत्र रहेगा। इसमें ग्राउंड फ्लोर का क्षेत्रफल लगभग 3331 वर्गमीटर, प्रथम तल 2679 वर्गमीटर तथा द्वितीय तल 2601 वर्गमीटर निर्धारित है। इसके अतिरिक्त एक बहुउद्देशीय हॉल भी निर्मित किया जा रहा है।

## गायब मिले कर्मचारी

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** प्रशासनिक कार्यों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपर कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई शाखाओं में कर्मचारियों की अनुपस्थिति पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## कार्यवाहक को मिला प्रशस्ति

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर ने फरवरी माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में कार्यवाहक निरीक्षक गृह पुलिस विभाग श्रीमती अनीता कुड़ापे को 94.78 प्रतिशत वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।

## सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** संचालक संस्कृति संचालनालय भोपाल के निर्देश के अनुक्रम में राष्ट्रगीत वंदे मातरम–150 वर्ष अभियान के अंतर्गत 30 मार्च तक विशेष चरण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर ने विशेष चरण की गतिविधियों का जिला स्तर में सफल आयोजन कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना को नोडल अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# होमगार्ड जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग द्वारा होमगार्ड जवानों के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन होमगार्ड लाइन में किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष खरे डिविजनल कमांडेंट जबलपुर द्वारा धन्वंतरि पूजन से किया गया। इस दौरान शिविर में 80 लाभार्थी जिसमें 12 महिला एवं 68 पुरूष ने लाभ प्राप्त किया। सभी का नि:शुल्क चिकित्सा जांच व परामर्श एवं औषधि वितरण किया गया। साथ ही हितकर आहार विहार योग आसन व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की भी सलाह दी गयी। शिविर में प्रभात तिवारी प्लाटून कमांडर, हेमराज परस्ते प्लाटून कमांडर, सुरेश बंसोड़ एचआई, कोमल प्रसाद हवलदार, डॉ ममता धुर्वे आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी आदि समस्त स्टॉफ ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## अधिकारी ने किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए प्रशासनिक सक्रियता बढ़ गई है। इसी क्रम में आज जिला परियोजना अधिकारी उमेश सिंगरौरे द्वारा परियोजना क्रमांक–2 निवास क्षेत्र का सघन भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला परियोजना अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गिरते भू–जल स्तर को रोकना और पारंपरिक जल स्त्रोतों को सहेजना है।

# सरदार पटेल जयंती पर रैली

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिला में साइकिल रैली साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया यह आयोजन जिला मुख्यालय के साथ साथ थाना क्षेत्रों में भी संचालित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति एकता अनुशासन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा द्वारा पुलिस लाइन में साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण हेतु रवाना किया गया।

# छात्राओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

मण्डला (स्वतंत्र मत)।




शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम बिनैका में किया जा रहा है। शिविर के दूसरे और तीसरे दिन छात्र–छात्राओं ने न केवल श्रमदान किया बल्कि सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया। स्वयंसेवकों ने ग्राम बिनैका की माध्यमिक शाला और आंगनवाड़ी परिसर की सघन सफाई की। इस दौरान प्लास्टिक और कागज के कचरे को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के पूजन के साथ किया गया। शिविर के दौरान ग्राम विकास संयोजक नैनसुख द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवकों की दिनचर्या, जीवन शैली, मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक विकास की दृष्टि से छात्र–छात्राओं को योगासन, खेल, पीटी का अभ्यास कराया गया एवं देशभक्ति गीत हम युवा हैं हम करें मुश्किलों का सामना का गायन कराया गया।

# ऊर्जा विभाग प्रदेश में प्रथम स्थान

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

ऊर्जा विभाग द्वारा सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। माह अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 तक लगातार सत्रह महीनों में विभाग ने उपभोक्ताओं की वोल्टेज संबंधी मीटर संबंधी खंभे एवं तार से जुड़ी शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किया। साथ ही त्रुटिपूर्ण विद्युत बिलों में सुधार कर आवश्यक अनुमोदन प्रदान करते हुए शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया गया। माह फरवरी 2026 में ऊर्जा विभाग मंडला ने सी.एम. हेल्पलाईन में 99.98 प्रतिशत स्कोर प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा अति. मुख्य अभियंता संचा–संधा मंडला मो. अयूब खान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# चौगान जवारे विसर्जन में पहुंचे श्रद्धालु



मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिले के रामनगर स्थित चौगान की मढ़िया में इस वर्ष भी आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। नवरात्रि के नौ दिनों तक चली श्रद्धा और भक्ति के बाद शनिवार को पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ जवारे का विसर्जन किया गया नवदुर्गा की उपासना के इस पावन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु सफेद वस्त्र धारण कर सिर पर जवारे लेकर करीब चार किलोमीटर तक नंगे पैर पैदल यात्रा करते हुए नर्मदा नदी तट पहुंचे। पूरी यात्रा के दौरान भक्तिमय गीतों ढोल–नगाड़ों और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा नर्मदा तट पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि–विधान से पूजा–अर्चना की और फिर जवारे का विसर्जन किया। इस दौरान पारंपरिक आदिवासी संस्कृति और रीति–रिवाजों की झलक भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली जो इस आयोजन को विशेष बनाती है बताया जाता है कि चौगान की मढ़िया जनजाति समाज के लिए अत्यंत पवित्र तीर्थ स्थल है यहां न केवल मध्य प्रदेश बल्कि देश के विभिन्न कोनों से श्रद्धालु अपनी आस्था लेकर पहुंचते हैं।



# टीईटी में टीडब्ल्यूटी पहुंचा कोर्ट

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के लगभग दो लाख शिक्षकों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर उत्पन्न गंभीर स्थिति के मद्देनजर मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन ने अपने पक्ष की प्रभावी पैरवी हेतु पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश तथा जबलपुर हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश रविशंकर झा को अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किया है। संगठन के नाम से सुप्रीम कोर्ट में लगाई जाने वाली इस याचिका की पैरवी अधिवक्ता श्री झा करेंगे। ऐसे में जिले सहित प्रदेश के टीईटी परीक्षा से प्रभावित शिक्षकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद अब बंधी है संगठन के प्रदेश प्रवक्ता संजीव सोनी ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर के नेतृत्व में 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में दो दिनों तक विभिन्न वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा करने के उपरांत यह निर्णय लिया।

# पिता ने कुल्हाड़ी से काटकर की पुत्र की हत्या

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** रूपझर पुलिस ने गांव केसलई से एक हृदयविदारक घटना में रतन सिंह उइके 26 वर्ष को अपने ही मासूम बेटे की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिए। आरोपी रतनसिंह उइके को बैहर की अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है।



जानकारी के अनुसार, 27 मार्च को सुबह रतन सिंह अपनी पत्नी सुनीता के साथ महुआ चुनने के लिए जंगल गया था। दोपहर में ही दोनों पति–पत्नी घर आए थे 4 बजे करीब रतन सिंह की पत्नी सुनीता बोदा लेने के लिए खेत तरफ गई थी। रतन सिंह घर में था उसे समय उसका बेटा वीरेंद्र कुमार घर आंगन में नहा रहा था तभी रतन सिंह को अचानक किसी बात को लेकर गुस्सा आ गया और उसने गुस्से में अपने बेटे वीरेंद्र कुमार पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया कुल्हाड़ी का वार वीरेंद्र कुमार के गर्दन और कनपटी में लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान उसकी पत्नी सुनीता घर पहुंची और खबर लगते ही मोहल्ले वालों की मौके पर भी लग गई थी। इस घटना की सूचना डोरा पुलिस चौकी के माध्यम से रूपझर पुलिस थाना में दी गई थी। सूचना मिलते ही रूपझर थाना प्रभारी दीपक त्रिपाठी अपने स्टाफ के साथ ग्राम केसलई पहुंच गए और उन्होंने मौके की कार्यवाही की। इस मामले में रतन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। 28 मार्च को मृतक बालक वीरेंद्र कुमार का शव पोस्टमार्टम जिला अस्पताल बालाघाट में करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। गिरफ्तार रतन सिंह को बैहर की अदालत में पेश कर दिया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में बैहर जेल भिजवा दिया गया है। रूपझर पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# राज्यपाल दौरे को लेकर निरीक्षण

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बिछिया विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हारीकला पहुंचकर प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, मंच निर्माण, आवागमन मार्ग, ग्रीन रूम, सेफ हाउस, सुरक्षा इंतजाम का बारीकी से जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी तैयारियां निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण की जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

# बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय शाखा एमएसएमई विकास कार्यालय रीवा एवं मप्र शासन कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग जिला पंचायत मण्डला के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय आईटीआई रसैयादोना में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर डॉ. पीकल जैन एवं सुजीत घोष सहायक निदेशक एमएसएमई द्वारा किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. पीकल जैन प्रोफेसर ज्ञानगंगा टेकोलॉजी कॉलेज जबलपुर, सुजीत घोष एमएसएमई भारत सरकार विकास कार्यालय रीवा, बलराम यादव महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला, आरएस वरकड़े प्रभारी अधिकारी आईटीआई मण्डला, एसके डेकाटे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जिला पंचायत मण्डला, अरविन्द्र कुमार पाण्डे एमएसएमई विकास कार्यालय रीवा एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# शुद्ध प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**मण्डला/मवई (स्वतंत्र मत)।** श्रीराम नवमी के पवन पर्व पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र कुमार चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक सुनील कुमार साहू के मार्गदर्शन में जल संचय अभियान के तहत जल मंदिर शुद्ध प्याऊ जल शक्ति से नव शक्ति जिसमें मुख्य रूप से आम जन एवं पक्षियों के लिए प्याऊ घर की शुरुआत नवांकुर संस्था मां सरस्वती ग्राम विकास सेवा समिति चांदगांव सेक्टर क्रमांक 5 विकासखंड मवई एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सभी सदस्य द्वारा सार्वजनिक प्याऊ घर स्थापना किया गया जिसमें संस्था प्रमुख रतन पड़वार त्रिलोक मरावी, हलकारी दास पड़वार हरेसिंह टेकाम, राकेश हेमंत एवं अन्य ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# रेलवे पूजा पंडाल में रामनवमी का चार दिवसीय आयोजन

## शोभायात्रा में नजर आया आस्था का सैलाब

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** रेलवे पूजा पंडाल में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जन्म उत्सव का चार दिवसीय आयोजन जारी है। 27 मार्च को मूर्ति स्थापना के साथ कल श्रीराम सीता विवाह का आयोजन किया गया। आज भरत यात्रा, हनुमान पूजा के बाद श्रीराम का राज्याभिषेक किया जायेगा। आगामी 30 मार्च को हवन, महाभोग वितरण के बाद शोभायात्रा निकाली जाएगी। जाहिर है कि श्रीराम उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है। जिसमे विशेषकर रेलवे से जुड़े राम भक्त अपनी श्रद्धा भावना के साथ यह आयोजन करते है। जिसमे नगर के वार्ड 13, 5 और वार्ड 6 के भक्तो की विशेष सहभागिता रहती है।



**सड़को में नजर आया आस्था का सैलाब**

वही कल श्रीराम नवमी के पावन पर्व पर नगर में निकाली गई शोभायात्रा में आस्था का सैलाब नजर आया। इस यात्रा में लव जिहाद, भगवान शंकर का आदमकद रूप के साथ बाल कलाकारों की श्रीराम दरबार के रूप में सजी आकृषक झांकी में भक्ति का अतिरेक नजर आया। देर शाम निकाली गई इस शोभा यात्रा में हजारों भक्तो और श्रद्धालुओं ने शिरकत की। जय माता दी चौक से आरम्भ हुई यह यात्रा मुख्य मार्ग बांसुरी वादन चौक, हरेमाधव गेट, पुरानी बस्ती, कृष्ण मंदिर चौक से वार्ड 2 सिविल लाइन होकर पुन: आरम्भ स्थल में आकर समाप्त हुई। लगभग 4 घण्टे चली इस यात्रा का समापन मध्य रात्रि 12 बजे के बाद हुआ। इस दौरान स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। नगर के हर


# जलवायु परिवर्तनः भविष्य नहीं, वर्तमान का महाविनाशकारी संकट

ललित गर्ग

आज मानव सभ्यता जिस सबसे बड़े संकट के सामने खड़ी है, वह युद्ध, महामारी या आर्थिक मंदी नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन है। दुनिया आज जलवायु संकट के ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां हर नया आंकड़ा खतरे की घंटी बनकर सामने आ रहा है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की ताजा रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि 2015-2025 का दशक अब तक का सबसे गर्म दौर रहा है। यह केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि पृथ्वी के बदलते स्वभाव का गंभीर संकेत है। रिपोर्ट बताती है कि ग्रीनहाउस गैसों का स्तर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच चुका है और पृथ्वी का एनर्जी इम्बैलेंस लगातार बढ़ रहा है। महासागर, जो जलवायु संतुलन के सबसे बड़े नियंत्रक माने जाते हैं, अब 90 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गर्मी सोख रहे हैं। इसका सीधा अर्थ है कि पृथ्वी का तापमान केवल हवा में ही नहीं, जल और भूमि के भीतर भी बढ़ रहा है। जलवायु परिवर्तन अब धीरे-धीरे आने वाली समस्या नहीं रही, बल्कि यह वर्तमान का संकट बन चुका है। दुनिया के अनेक हिस्सों में असामान्य गर्मी, बाढ़, सूखा, चक्रवात और जंगल की आग जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। प्रति का संतुलन बिगड़ रहा है और मौसम का मिजाज अनिश्चित होता जा रहा है। कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है तो कहीं महीनों तक बारिश नहीं हो रही। यह असंतुलन सीधे-सीधे मानव जीवन, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इस बदलते मौसम ने सबसे ज्यादा मनुष्य के स्वास्थ्य पर हमला किया है।

भारत के संदर्भ में यह संकट और भी गंभीर रूप लेता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के अनेक शहरों में तापमान 48 से 50 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि पहले 45 डिग्री को ही अत्यधिक गर्मी माना जाता था। अब असामान्य गर्मी ने फरवरी और मार्च जैसे महीनों को भी झुलसाना शुरू कर दिया है। हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता दोनों बढ़ रही हैं। इसका असर केवल स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि बिजली, पानी, खेती, श्रम, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी ने केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि वन्यजीव, पेड़-पौधे और सम्पूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को भी संकट में डाल दिया है। जलवायु परिवर्तन के पीछे सबसे बड़ा कारण मानव का विकास मॉडल है। कोयला, तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई, अनियोजित शहरीकरण, औद्योगीकरण और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन पृथ्वी को लगातार गर्म कर रहा है। आज वैश्विक तापमान लगभग एक लाख 25 हजार वर्षों के उच्चतम स्तर के आसपास पहुंच चुका है। यह स्थिति बताती है कि समस्या प्रकृति में नहीं, बल्कि मानव की जीवनशैली और विकास की दिशा में है।

वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां इस संकट को और अधिक खतरनाक बना रही हैं। दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध की स्थितियां बनी हुई हैं।




युद्ध केवल मानव जीवन और अर्थव्यवस्था को ही नष्ट नहीं करते, बल्कि पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। युद्ध में इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक, रसायन, धातु, ईंधन और आग से वातावरण में भारी मात्रा में जहरीली गैसें फैलती हैं। तेल भंडारों में आग, रासायनिक संयंत्रों का नष्ट होना और सैन्य गतिविधियां वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कई गुना बढ़ा देती हैं। इस प्रकार युद्ध और जलवायु परिवर्तन मिलकर पृथ्वी को दोहरे संकट की ओर धकेल रहे हैं। भारत सहित दुनिया के लगभग 75 प्रतिशत जिले किसी न किसी जलवायु जोखिम के दायरे में आ चुके हैं। हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। दूसरी ओर समुद्र का जलस्तर बढ़ने से मुंबई, कोलकाता और चेन्नई जैसे तटीय शहरों पर खतरा मंडरा रहा है। यदि समुद्र स्तर इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले दशकों में तटीय आबादी का बड़े पैमाने पर विस्थापन हो सकता है। यह केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी बन सकता है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए यह स्पष्ट है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में तेजी से कटौती नहीं की गई, तो तापमान के नए-नए रिकॉर्ड टूटते रहेंगे और पृथ्वी रहने योग्य स्थान कम होती जाएगी। जल संकट, खाद्य संकट, स्वास्थ्य संकट और प्रवासन जैसी समस्याएं बढ़ेंगी। दुनिया के अनेक वैज्ञानिक अब चेतावनी दे रहे हैं कि यदि तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का पारिस्थितिक संतुलन गंभीर रूप से बिगड़ सकता है। लेकिन इस संकट में ही अवसर भी छिपा हुआ है। यह समय विकास मॉडल को बदलने का है। ऊर्जा के क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा, जैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल ऊर्जा को बढ़ावा देना होगा। शहरों को कंक्रीट के जंगल बनाने के बजाय हरित शहर बनाना होगा। जल प्रबंधन को जन आंदोलन बनाना होगा। वर्षा जल संचयन, जल पुनर्चक्रण और नदियों के संरक्षण पर गंभीरता से काम करना होगा। कृषि को जलवायु अनुकूल बनाना होगा, कम पानी वाली फसलों और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। साथ ही जिला स्तर पर हीट एक्शन प्लान, जल संरक्षण योजना, वृक्षारोपण अभियान और स्थानीय पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम लागू करने होंगे। जलवायु परिवर्तन से लड़ाई केवल सरकारें नहीं जीत सकतीं, इसके लिए समाज, उद्योग, वैज्ञानिक और आम नागरिक सभी को मिलकर काम करना होगा। दुनिया की महाशक्तियों के लिए यह समय सबसे बड़ी परीक्षा का समय है। यदि वे केवल आर्थिक विकास और सैन्य शक्ति की दौड़ में ही उलझी रहीं और पृथ्वी के भविष्य की चिंता नहीं की, तो आने वाली पीढ़ियां उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्हें यह समझना होगा कि पृथ्वी बचेगी तो अर्थव्यवस्था भी बचेगी, मानव सभ्यता भी बचेगी और विकास भी बचेगा। यदि पृथ्वी ही तपती और असंतुलित हो गई, तो सारी प्रगति बेकार हो जाएगी। आज आवश्यकता है कि दुनिया की महाशक्तियां कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए कठोर और बाध्यकारी नीतियां बनाएं, जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करें, वनों की कटाई रोकें और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दें। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी का तापमान इतना बढ़ जाएगा कि अनेक क्षेत्र रहने योग्य नहीं रहेंगे। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की चुनौती नहीं, वर्तमान का संकट है।

यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को एक असंतुलित और तपती हुई पृथ्वी विरासत में मिलेगी। यह तपती हुई पृथ्वी मानव जीवन के लिए विनाश का कारण भी बन सकती है। लेकिन यदि दुनिया समय रहते चेत गई, तो यही संकट एक नए, संतुलित और टिकाऊ विकास मॉडल की शुरुआत भी बन सकता है। पृथ्वी को बचाना अब विकल्प नहीं, मानव अस्तित्व की अनिवार्यता बन चुका है।

# वामन द्वादशी व्रत से होती है स्वर्ग की प्राप्ति

रविवार, 29 मार्च 2026



**भाद्रपद माह की शुक्ल पक्ष की द्वादशी को 'वामन द्वादशी' कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु ने वामन देव के रूप में अवतार लिया था, इसलिए इस दिन को वामन जयंती भी कहा जाता है। वामन देव विष्णु के पांचवें तथा त्रेता युग के पहले अवतार थे। भगवान विष्णु का मनुष्य रूप में पहला अवतार वामन देव था। इससे पहले भगवान विष्णु ने चार अवतार पशु रूप में लिए थे, जो क्रमशः मत्स्य अवतार, कूर्म अवतार, वराह अवतार और नृसिंह अवतार थे। भगवान विष्णु ने वामन अवतार में एक बौने ब्राह्मण का रूप लिया था।**

### अभिषेक

वामन द्वादशी पूजा के दिन भगवान वामन की मूर्ति पर दक्षिणावर्ती शंख में दूध डालकर भगवान वामन का अभिषेक करें। अगर आप इस दिन ऐसा करेंगे तो आपको भगवान का मनोवांछित फल मिलता है।

### विधि-विधान से करें पूजन

भगवान वामन के समक्ष 52 पेड़े तथा 52 दक्षिणा रखकर पूजन करें। भगवान वामन को भोग लगाकर सकोरों में दही, चावल, चीनी, शरबत तथा दक्षिणा ब्राह्मण को दान करें। उजमन में ब्राह्मणों को 1 माला, 2 गोमुखी कमंडल, लाठी, आसन, गीता, फल, छाता, खड़ाऊ तथा दक्षिणा देते हैं। इस व्रत को करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

### दही और मिश्री का भोग

इस दिन वामन देव को दही और मिश्री का भोग लगाना चाहिए। भगवान विष्णु को पीला रंग विशेष रूप से प्रिय है, इसलिए दही-मिश्री में थोड़ी सी केसर मिला देना चाहिए। आर्थिक उन्नति के लिए वामन द्वादशी के दिन पूजा करने के बाद दही का दान दें। ऐसा करना शुभ माना जाता है। इससे आर्थिक उन्नति होती है।

### कांसे के बर्तन में दीपक जलाएं

वामन द्वादशी के दिन भगवान वामन की कृपा पाने के लिए इस दिन कांसे के बर्तन में घी का दीया जलाएं। ऐसा करने से गृह क्लेश से मुक्ति मिलती है।

### उन्नति के लिए उपाय

वामन द्वादशी के दिन कारोबार में उन्नति और नौकरी में प्रमोशन के लिए भगवान वामन को नारियल पर यज्ञोपवीत लपेटकर चढ़ाएं।

### स्वस्थ और निरोगी काया

निरोगी रहने के लिए वामन द्वादशी के दिन भगवान को शहद चढ़ाकर उसका नित्य सेवन करना चाहिए। शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिलती है।

# सभी इच्छाओं की पूर्ति करता है कामदा एकादशी व्रत

**कामदा एकादशी चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की 11वीं तिथि को आती है- रामनवमी से दो दिन बाद। कामदा का अर्थ है सभी इच्छाओं को पूर्ण करने वाली एकादशी। मान्यता है कि इस व्रत के फलस्वरूप व्यक्ति को हिंसा और बड़े से बड़े पापों से मुक्ति मिलती है। इसका वर्णन विशेष रूप से वराह पुराण और भविष्य पुराण में मिलता है। वराह पुराण में एक कथा मिलती है, जिसमें एक गंधर्व ललित को श्राप के कारण राक्षस योनि मिली थी। उसकी पत्नी ललिता ने कामदा एकादशी का व्रत किया, जिससे उसका श्राप समाप्त हो गया।**

कामदा एकादशी | रविवार, 29 मार्च 2026

### पंचांग के अनुसार

चैत्र शुक्ल एकादशी तिथि 28 मार्च को सुबह 8.45 से शुरू होगी और अगले दिन 29 मार्च को सुबह 7.46 तक रहेगी। चूंकि एकादशी व्रत उदयातिथि अनुसार किया जाता है। 29 मार्च को सूर्योदय में एकादशी तिथि रहेगी, इसलिए इस दिन व्रत रखना शास्त्रसम्मत रहेगा।

**पूजा मुहूर्त**-सु. 7.48-दोप. 12.26

**व्रत पारण समय**- सुबह 6.14 - सुबह 7.09 (30 मार्च)

### विधि-विधान से पूजन

दशमी तिथि से ही सात्विक आहार लेकर व्रत का संकल्प लें। ब्रह्म मुहूर्त में उठें। स्नान कर स्वच्छ वस्त्र पहनें। पूजा स्थान को शुद्ध करें। भगवान विष्णु की मूर्ति/चित्र स्थापित करें। दीपक, धूप जलाएं। तुलसी दल, पीले पुष्प, फल अर्पित करें। ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करें। विष्णु सहस्रनाम का पाठ करें। एकादशी व्रत कथा सुनें। भजन-कीर्तन और भगवान का स्मरण करें। द्वादशी के दिन पूजा के बाद व्रत खोलें और दान करें।

### इस दिन क्या करें

- सात्विक जीवनशैली अपनाएं
- भगवान भगवान विष्णु का ध्यान करें
- दान-पुण्य करें तुलसी की पूजा करें, जल न चढ़ाएं।

### इस दिन क्या न करें

- चावल का सेवन न करें
- मांस, मदिरा,तामसिक भोजन दूर रहें
- क्रोध, झूठ और नकारात्मकता से बचें
- दिन में अधिक सोने से बचें।

### सनातन धर्म के अनुसार

एकादशी का अर्थ है ग्यारह (11) -जो 10 इंद्रियों और 1 मन का प्रतीक है। इस दिन व्रत रखकर व्यक्ति अपनी इंद्रियों और मन को नियंत्रित करता है, जो भगवान विष्णु को बहुत प्रिय है। एकादशी तिथि पर चंद्रमा का प्रभाव मन पर विशेष होता है। इस दिन उपवास और ध्यान करने से मानसिक शांति मिलती है।

### एकादशी व्रत के 3 लाभ

- उपवास (शरीर की शुद्धि)
- भजन-कीर्तन (मन की शुद्धि)
- दान-पुण्य (कर्म की शुद्धि)

### पौराणिक महत्व , आध्यात्मिक उन्नति

जो लोग भक्ति, ध्यान और आत्मिक शांति की खोज में हैं, उनके लिए एकादशी व्रत अत्यंत लाभकारी है।

### पापों से मुक्ति


यह व्रत पापों का नाश करता है और जीवन को शुद्ध बनाता है।

### मनोकामना पूर्ति

जो लोग धन, संतान, सफलता या सुख-शांति चाहते हैं, उन्हें यह व्रत करना चाहिए।



# साप्ताहिक भविष्यफल



### मेष

पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा की संभावना है। विविध क्षेत्रों में सक्रियता बनाए रखेंगे। समय की शुभता का लाभ मिलेगा। आर्थिक प्रयास पक्ष में रहेंगे ।

### वृषभ

आर्थिक मामले पक्ष में रहेंगे। करीबियों का साथ मिलेगा। शिक्षा पर जोर रहेगा। कॅरियर-कारोबार में पेशेवरता बनाए रखें। आर्थिक पक्ष बल पाएगा।

### मिथुन

स्वयं को पूरी तरह सही मानने की आदत से बचें। अपनों के पर्सनल स्पेस का ध्यान रखें। पारिवारिक संबंधों की सहजता रहेगी। भवन-वाहन के मामले हल होंगे।

### कर्क

सामाजिक गतिविधियों पर फोकस होगा। वाणिज्यिक विषय अपेक्षित बने रहेंगे। परंपरागत कार्य-व्यवसाय को विस्तार देंगे। जिम्मेदारों से सामंजस्य बढ़ाएंगे।

### सिंह

विविध उपलब्धियां उत्साह बढ़ाएंगी। बड़ों का आदर बनाए रखेंगे। संपर्क संवाद के कार्य सधेंगे। पारिवारिक प्रयासों में प्रभावी रहेंगे। अपनों के साथ खुशियों को बढ़ाएंगे।

### कन्या

भेंट के अवसर बनेंगे। भावनाओं पर नियंत्रण रखेंगे। लेनदेन में प्रभावशीलता बढ़ाएंगे। घर में हर्ष-आनंद बढ़ेगा। धन-संपत्ति में रुचि बनी रहेगी।

### तुला

आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई रणनीतियां सफल साबित होंगी। कोई बहुमूल्य भेंट प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### वृश्चिक

विविध कार्यों को गति देंगे। परिवार में सुख-सौख्य रहेगा। लक्ष्यों को जल्द पूरा करने की सोच रखेंगे। बौद्धिक प्रयास बेहतर होंगे। घर में सबसे बनाकर चलने की कोशिश

### धनु

अतिउत्साह और आवेश से बचें। संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। सामंजस्यता और अनुशासन रखें। विनम्रता पर जोर दें। बहस से बचाव रखेंगे।

### मकर

सबको साथ लेकर चलेंगे। वाणिज्यिक विषयों पर जोर होगा। सामाजिक प्रयासों में प्रभावी रहेंगे। अपनों से मेलजोल बढ़ाने पर जोर रखेंगे। सहकारिता में वृद्धि होगी।

### कुंभ

भव्यता और परंपरा संस्कार को बढ़ावा देंगे। कला-कौशल पर जोर बना रहेगा। निजी विषयों में रुचि लेंगे। घर में अनुशासन रखेंगे। उत्सव आदि से जुड़ेंगे।

### मीन

प्रियजनों से रिश्ते बेहतर बनाए रहेंगे। घर-परिवार के लोगों की खुशी में शामिल होंगे। भवन-वाहन के मामले हल होंगे। व्यक्तिगत मामले बेहतर बनेंगे।

# हथेली का सूर्य पर्वत तय करता है आपका करियर

अनन्या मिश्रा

हस्तरेखा विज्ञान में हथेली में ग्रहों के स्थानों को बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। इसकी बनावट और स्थिति को देखकर किसी जातक के स्वभाव, जीवन और भविष्य के बारे में काफी कुछ जाना जा सकता है। ग्रहों के उभार को देखकर पता चलता है कि कौन सा ग्रह जातक की कुंडली में सबसे बलवान है और कौन सा कमजोर है।

**ज्यादा विकसित सूर्य पर्वत**-अगर हथेली में सूर्य पर्वत जरूरत से ज्यादा विकसित हो, तो इसको शुभ नहीं माना जाता है। यह ज्यादा अंहकार करने का संकेत होता है। इन लोगों को गुस्सा जल्दी आ सकता है और छोटी-छोटी बातों पर क्रोध आता है। धन के मामले में यह ज्यादा खर्चीले होते हैं और सुख-साधनों पर ज्यादा पैसा खर्च कर सकते हैं। इनको जीवन में अपेक्षित सफलता प्राप्त करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होती है। यह उत्तम और सुविकसित सूर्य पर्वत आत्मविश्वास, धन वैभव, उदारता और दया का सूचक होता है।

**पूर्ण विकसित सूर्य पर्वत**- हस्तरेखा के मुताबिक यदि हथेली में सूर्य पर्वत पूरी तरह से विकसित हो, उस पर गुलाबीपन भी नजर आए, तो इसको शुभ होता है। ऐसे लोग हंसमुख और यह हर काम मित्रों के साथ मिलकर करना पसंद करते हैं। समाज में इनका सम्मान और प्रतिष्ठा हमेशा बनी रहती है। यह जातक सफल चित्रकार, कलाकार और संगीतज्ञ बन सकते हैं। सूर्य पर्वत पूर्ण रूप से विकसित होने पर ऐसे लोगों को करियर में सफलता और ऊंचा पद प्राप्त होता है। इनको आय से एक से ज्यादा स्त्रोत प्राप्त होते हैं। सामान्य घराने के जातक की हथेली में ऐसा पर्वत होने पर वह जातक धनी बनता है।

**सूर्य ग्रह का अभाव**- यदि हथेली में सूर्य ग्रह का अभाव हो तो इसको अच्छा संकेत नहीं माना जाता है। समाज में इन लोगों को अपेक्षित सम्मान नहीं प्राप्त होता है। वहीं पूर्ण सफलता पाने के लिए इनको ज्यादा मेहनत और प्रयास करने पड़ते हैं। जिस तरह कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर होने पर व्यक्ति के कार्यों में बाधा, सम्मान में कमी आत्मविश्वास में कमी आदि समस्याएं बनी रहती हैं। उसी तरह हथेली में सूर्य पर्वत का अभाव होने पर व्यक्ति को इसके प्रतिकूल प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है।

# कुंडली में सूर्य कमजोर होने पर हो सकते हैं ये रोग

वैदिक ज्योतिष में सूर्य हमारे अस्तित्व के मूल का प्रतिनिधित्व करता है। जब सूर्य जन्म कुंडली में मजबूत और अच्छी स्थिति में होता है तो यह अच्छा स्वास्थ्य, जीवनशक्ति और नेतृत्व गुण लाता है। हालांकि पीड़ित या कमजोर सूर्य कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। सूर्य के कारण होने वाली ये बीमारियां शारीरिक बीमारियों से लेकर मानसिक और भावनात्मक असंतुलन तक हो सकती हैं।

### स्वास्थ्य पर सूर्य का प्रभाव

सूर्य जीवन का स्रोत है और ज्योतिष में इसे सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव बहुत ज्यादा है। सूर्य शरीर के प्रमुख अंगों जैसे हृदय, रीढ़, आंखें और हड्डियों को नियंत्रित करता है। यह हमारे समग्र ऊर्जा स्तर, प्रतिरक्षा और आत्मसम्मान को भी प्रभावित करता है। एक अच्छी स्थिति में स्थित सूर्य सुनिश्चित करता है कि हम स्वस्थ, जीवंत और आत्मविश्वासी रहें। हालांकि जब जन्म कुंडली में सूर्य पीड़ित होता है तो यह कई स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारियों को जन्म दे सकता है।

### हृदय संबंधी समस्याएं

सूर्य से संबंधित सबसे आम बीमारियों में से एक हृदय रोग है। चूंकि सूर्य हृदय को नियंत्रित करता है, इसलिए पीड़ित सूर्य के कारण हृदय संबंधी स्थितियां जैसे अनियमित दिल की धड़कन, उच्च रक्तचाप या दिल का दौरा पड़ सकता है। जिन लोगों की कुंडली में सूर्य कमजोर होता है, उन्हें हृदय संबंधी बीमारियां होने का खतरा अधिक होता है। सीने में दर्द और दिल की धड़कन बढ़ना भी पीड़ित सूर्य कमजोर होने के सामान्य लक्षण हैं।



### रीढ़ की हड्डी की समस्याएं

रीढ़ और हड्डियां भी सूर्य के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। कमजोर सूर्य रीढ़ की हड्डी की समस्याओं जैसे पीठ दर्द, स्लिप्ड डिस्क या खराब मुद्रा का कारण बन सकता है। इसके अतिरिक्त पीड़ित सूर्य वाले लोगों को हड्डियों से संबंधित समस्याओं जैसे ऑस्टियोपोरोसिस या भंगुर हड्डियों का अनुभव हो सकता है। इन व्यक्तियों को उचित मुद्रा बनाए रखना मुश्किल हो सकता है या बार-बार फ्रैक्चर हो सकता है।

### आंखों की समस्याएं

सूर्य आंखों पर शासन करता है, खासकर पुरुषों में दाईं आंख और महिलाओं में बाईं आंख पर। कमजोर या पीड़ित सूर्य दृष्टि संबंधी समस्याओं जैसे धुंधली दृष्टि, आंखों में तनाव या यहां तक कि मोतियाबिंद का कारण बन सकता है। कुछ लोगों को प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का अनुभव हो सकता है या आंखों में संक्रमण की प्रवृत्ति हो सकती है।

# पाक अब भी आतंकियों का गढ़, भारत के खिलाफ साजिश रच रहे कई संगठनः यूएस रिपोर्ट ने खोली पोल

नई दिल्ली



इस हफ्ते जारी एक कांग्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि सालों तक चले सैन्य अभियानों और नीतिगत उपायों के बावजूद आतंकवादी समूह पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित उन कई आतंकवादी समूहों को हराने के प्रयास विफल रहे हैं, जो अभी भी पाकिस्तानी धरती से अपनी गतिविधियां चला रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ये समूह पांच मुख्य श्रेणियों में आते हैं- वैश्विक स्तर पर सक्रिय, अफगानिस्तान-केंद्रित, भारत और कश्मीर-केंद्रित, घरेलू मामलों पर केंद्रित, और सांप्रदायिक संगठन।

सीआरएस अमेरिकी कांग्रेस की एक स्वतंत्र शोध शाखा है, जो कांग्रेस के सदस्यों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद करने के लिए अलग-अलग मुद्दों पर समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करती है। इसकी रिपोर्टों को कांग्रेस का आधिकारिक रुख नहीं माना जाता है।

पाकिस्तान पर सीआरएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि सूची में शामिल 15 समूहों में से 12 को अमेरिकी कानून के तहत विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है और इनमें से ज्यादातर इस्लामी चरमपंथी विचारधारा से प्रेरित हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पाकिस्तान इस समय आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित देश है जो 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद उग्रवाद के फिर से उभरने को दर्शाता है। वैश्विक स्तर पर सक्रिय समूहों में, अल-कायदा इस क्षेत्र में अभी भी सक्रिय है। हालांकि इसका मुख्य ढांचा काफी कमजोर हो चुका है और यह अन्य उग्रवादी संगठनों के साथ गठबंधन बनाए हुए है।

इस्लामिक स्टेट की क्षेत्रीय शाखा इस्लामिक स्टेट-खोरासान प्रांत के पास अनुमानित 4,000-6,000 लड़ाके हैं और यह अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिय है, जिसमें अन्य उग्रवादी समूहों के पूर्व सदस्य शामिल हैं। हक्कानी नेटवर्क सीमा पार से अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए है। इस नेटवर्क में कई सौ मुख्य सदस्य और अनुमानित 3,000-5,000 हथियारबंद उग्रवादी हैं और इसका नाम अफगानिस्तान में हुए कई हमलों से जुड़ा रहा है।

सीआरएस के अनुसार, भारत पर केंद्रित कई समूह अभी भी सक्रिय हैं। 2008 के मुंबई हमलों के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा और 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले से जुड़ा जैश-ए-मोहम्मद पाकिस्तान की धरती से अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं और कश्मीर की स्थिति को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। घरेलू स्तर पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान को पाकिस्तान में सक्रिय सबसे खतरनाक आतंकवादी समूह बताया गया है। इसके पास अनुमानित 2,500-5,000 लड़ाके हैं और इसका घोषित लक्ष्य पाकिस्तानी सरकार को उखाड़ फेंकना और शरिया कानून लागू करना है।

# ईरान के खिलाफ़ अमेरिकी सैन्य अभियान बहुत अच्छी स्थिति में : ट्रंप

वाशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान बेहतरीन ढंग से आगे बढ़ रहा है लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गयी है। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।



मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में सबसे गंभीर सेंध में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में समाप्त हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान में जमीनी सैनिक भेजने की संभावना नहीं है।

श्री रुबियो ने फ्रांस में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेते हुए सहयोगी देशों से अधिक समर्थन की अपील की और कहा कि इस अभियान के उद्देश्यों को अधिकतम साझेदार योगदान के साथ पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस अभियान में तय समय के अनुसार या उससे आगे चल रहा है और इसे उपयुक्त समय पर समाप्त किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि बिना जमीनी सैनिकों के भी लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं, हालांकि संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए कुछ जमीनी बल तैनात किए जा रहे हैं। इस बीच, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अल-शुवैख बंदरगाह और दुबई के तटीय क्षेत्रों में अमेरिकी-इज़राइली बलों को निशाना बनाते हुए कई सटीक हमले किए। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, आईआरजीसी ने कहा कि इस अभियान में बैलिस्टिक मिसाइल और क़दर 380 क्रूज मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें छह अमेरिकी लैंडिंग क्राफ्ट यूटिलिटी (एलसीयू) को निशाना बनाया गया। इनमें से तीन के डूबने और अन्य के क्षतिग्रस्त होने का दावा किया गया है। आईआरजीसी ने यह भी दावा किया कि ड्रोन हमलों में अमेरिकी ड्रोन इकाइयों के ठिकानों और दुबई के एक होटल को निशाना बनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक मारे गए। इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

## परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए अमेरिका, इज़रायल के साथ संपर्क में है रूस : उल्यानोव

मॉस्को, (वार्ता)

रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इज़रायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थायी प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा, रूसी संघ इज़रायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए।

इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफ्रोंकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है।उन्होंने कहा, मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है।

## चीन जा रहा था कार्गो, ईरान ने भारत भेजा, दुनिया हैरान!

नई दिल्ली



मिडिल ईस्ट में जंग चल रही है। एक तरफ ईरान और दूसरी तरफ है अमेरिका और इजराइल। मिसाइलें लगातार चल रही हैं। रास्ते बंद हो रहे हैं और सबसे बड़ा असर पड़ रहा है तेल और गैस सप्लाई पर। इसी बीच भारत ने एक ऐसा कदम उठा लिया है जिसने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है। करीब 5 साल बाद इंडिया ने फिर से ईरान से एलपीजी गैस खरीद ली है। 2019 में जब अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगाए थे तब भारत को मजबूरी में यह खरीद बंद करनी पड़ी थी। लेकिन अब डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की तरफ से मिली 30 दिन की अस्थाई छूट के बाद भारत ने फिर से यह डील शुरू कर दी है और वजह साफ है आटा महंगा हो जाए तो रोटी भी मुश्किल हो जाती है। तेल और गैस की कीमतें बढ़ रही हैं। सप्लाई चेन टूट रही है और भारत अपने लोगों का चूल्हा जलाए रखना चाहता है। सूत्रों के मुताबिक ईरान से एलपीजी लेकर एक टैंकर भारत की ओर बढ़ रहा है।

बता दें कि अरोड़ा एलपीजी टैंकर लगभग 43,000 टन एलपीजी, ब्यूटेन और प्रोपेन लेकर आ रहा महत्वपूर्ण जहाज है जो ईरान से भारत के लिए आ रहा पीएसयू कनेक्ट है। यह जहाज 2019 के बाद ईरान से भारत आने वाला पहला एलपीजी कारगोन है जो मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण भारत के गैस संकट को कम करने में मदद करेगा। साथ ही बताया जा रहा है कि यह कारग को पहले चीन जा रहा था। लेकिन अब इसका रुख भारत की तरफ कर दिया गया है। दरअसल मिडिल ईस्ट में जंग की वजह से स्टेट ऑफ हॉर्मोस बंद है और भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से लाता है। हालात ऐसे हैं कि भारत इस वक्त गैस संकट के दबाव में है। घरेलू एलपीजी की मांग बढ़ रही है। इंडस्ट्री को सप्लाई तक काटनी पड़ रही है और 60% गैस तो भारत बाहर से ही मंगवाता है।

## रूस, ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को, (वार्ता)।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इज़रायल की बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई से उत्पन्न गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इन देशों में ईरान तथा खाड़ी सहयोग परिषद के पड़ोसी देश शामिल हैं। इसके अलावा, श्री लावरोव ने श्री अराघची को ईरान के लिए रूसी मानवीय सहायता की नई खेप भेजे जाने की जानकारी दी, जिससे क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग जारी रहने का संकेत मिलता है।

## प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो, (वार्ता)।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। टोरंटो फायर सर्विसेज ने बताया कि आग के कारण प्रोपेन सिलेंडरों का फटना, तेज लपटें और घना धुआं देखा गया। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब छह बजे निर्माण स्थल पर आग लगने की सूचना मिली थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने धमाकों और सड़क पर मलबा गिरने की बात कही। दमकल विभाग ने बताया कि आग को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और यह आसपास की इमारतों तक नहीं फैली। एक अधिकारी ने कहा, प्रोपेन सिलेंडरों से जुड़े विस्फोटों की सूचना थी, लेकिन अब आग पूरी तरह बुझा दी गई है। कनाडा के समाचार माध्यमों के अनुसार, एंबुलेंस सेवाएं मौके पर भेजी गई थीं, हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिकाःट्रंप

**वॉशिंगटन, (वार्ता/स्पूतनिक)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। श्री ट्रंप ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा, हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैये को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है।

# ममता ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का लगाया आरोप, रानीगंज में की पुनर्वास पैकेज की घोषणा

कोलकाता, (वार्ता)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को चुनाव आयोग पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि आयोग जान-बूझकर अनुभवी अधिकारियों को राज्य से बाहर भेज रहा है। सुश्री बनर्जी ने कहा कि ऐसा स्थानीय प्रशासन को कमज़ोर करने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चुनाव के दौरान बेहिसाब पैसे, शराब और बाहरी दखलंदाज़ी के ज़रिए स्थिति का फ़ायदा उठाने का मौका देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने रानीगंज में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, जो (अधिकारी) स्थानीय इलाकों से अच्छी तरह परिचित थे । ऐसे लगभग 50 से 100 अधिकारियों केरल और तमिलनाडु भेज दिया गया है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि भाजपा का बेहिसाब पैसा, नशीले पदार्थ, गुंडे और बुलडोज़र राज्य में घुस सकें, और दंगे भड़काए जा सकें। उन्होंने नए तैनात अधिकारियों के लिए भी एक संदेश जारी किया, जिसमें उनसे लोगों के हित में काम करने और किसी भी राजनीतिक दबाव में न आने का आग्रह किया गया। उन्होंने कहा, जिन लोगों को नयी पोस्टिंग मिली है, मैं उनसे कहना चाहूँगी कि आप राज्य प्रशासन का हिस्सा हैं।अगर आप ठीक से काम करना चाहते हैं, तो लोगों की तरफ देखें। मेरी तरफ देखने की कोई ज़रूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का आरोप लगाया और दावा किया कि नाम मनमाने ढंग से हटाए जा रहे हैं और जिस तरीके से विसंगतियों की पहचान की जा रही है, उस पर सवाल उठाया।



उन्होंने कहा, जो मैं सुन रही हूँ, उसके अनुसार अगर किसी बूथ में 500 नाम हैं, तो 400 नाम हटाए जा रहे हैं। क्या यह कोई मज़ाक है? यह क्या हो रहा है? हमेशा एक लक्ष्मण रेखा होती है, लेकिन भाजपा सभी सीमाएँ पार कर रही है। पहली पूरक सूची कहाँ है? बिल्कुल शुरुआत में ही 58 लाख नाम हटा दिए गए। फिर वे कहते हैं कि 60 लाख तकनीकी विसंगतियाँ हैं। इसका क्या मतलब है? आपने अपने कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का इस्तेमाल करके गलतियाँ की हैं। क्या आपको शर्म नहीं आती? सुश्री बनर्जी ने रानीगंज में ज़मीन धंसने की पुरानी समस्या का जिक्र करते हुए जोखिम वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़े पुनर्वास पैकेज की घोषणा की। रानीगंज को ज़मीन धंसने के लिहाज़ से बहुत ज़्यादा संवेदनशील इलाका बताते हुए, उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 6,000 फ्लैट बनाने पर पहले ही लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च कर दिये हैं, और 4,000 अन्य फ्लैट अभी बन रहे हैं। उन्होंने लोगों से सुरक्षा के हित में दूसरी जगह जाने का आग्रह किया, और उन्हें आर्थिक और आवास सहायता देने का वादा किया। उन्होंने कहा, रानीगंज ज़मीन धंसने के लिहाज़ से संवेदनशील इलाका है। हमने 6,000 फ्लैट बनाने पर पहले ही लगभग 700 करोड़ रुपये खर्च कर दिए हैं, और 4,000 अन्य फ्लैट अभी बन रहे हैं। अगर आप दूसरी जगह जाते हैं, तो सरकार आपको एक नहीं, बल्कि दो फ्लैट देगी। दूसरी जगह जाने का खर्च भी सरकार ही उठाएगी। हर परिवार के लिए कुल 10 लाख रुपये का बजट रखा गया है, और अगर खर्च बढ़ता है, तो इसेऔर बढ़ाया जाएगा। याद रखें, ज़िंदगी और पैसे की कोई तुलना नहीं हो सकती।कृपया इस बारे में नए सिरे से सोचें। उन्होंने कहा, अगर किसी दिन ज़मीन धंस गई, तो हज़ारों लोग उसके नीचे दब सकते हैं। हम ऐसा नहीं चाहते। हम लोगों की जान और माल की रक्षा करना चाहते हैं। मैं आप पर ज़ोर नहीं डाल रही हूँ, मैं आपसे अपील कर रही हूँ। रानीगंज-आसनसोल माइनिंग बेल्ट में ज़मीन धंसने की घटनाएँ अक्सर होती रहती हैं। चाहे सड़कों पर हों या कोयला खदानों में जिसके चलते अक्सर स्थानीय लोग पुनर्वास की माँग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हैं। यहाँ के निवासियों ने सुरक्षा को लेकर बार-बार चिंता जताई है, जबकि मुख्यमंत्री ने पहले केंद्र सरकार पर पुनर्वास के लिए पर्याप्त राशि नहीं देने का आरोप लगाया था।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

### खालिद सिद्दीकी की एंट्री से 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' में आया बड़ा मोड़

अभिनेता खालिद सिद्दीकी से स्टार प्लस के शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' में एंट्री कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो 'मिस्टर एंड मिसेज परशुराम' में नील भट्ट शिवप्रसाद और परशुराम के चुनौतीपूर्ण डबल रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनकी पत्नी शालिनी का किरदार शांभवी सिंह निभा रही हैं, जो अपने पति की स्पाई वाली छुपी जिंदगी से अनजान है। इस दिलचस्प कहानी के बीच अब एक नए किरदार की एंट्री होने जा रही है, जो एक बड़ा मोड़ लेकर आएगी और सबसे बड़े विलेन के तौर पर सबको चौंका देगी। खालिद सिद्दीकी करण कुलकर्णी के रूप में शो में एंट्री कर रहे हैं, जो कहानी में हलचल मचाने वाला खतरनाक एंटागोनिस्ट है। करण शालिनी की जिंदगी को पूरी तरह बदल देने वाला है और उसकी मौजूदगी से रहस्य और खतरे का माहौल बन जाएगा, जो उसकी कल्पना से कहीं ज्यादा गंभीर साबित हो सकता है। करण कुलकर्णी, कबीर कुलकर्णी का पिता है, वही कबीर जिसने शालिनी के बच्चों के किडनैपिंग के पीछे हाथ था। उसकी एंट्री शालिनी की जिंदगी को हिला कर रख देगी, जिससे ड्रामा और खतरा दोनों बढ़ जाएंगे और उसके परिवार पर एक गहरा साया छा जाएगा। खालिद सिद्दीकी ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, मैं करण कुलकर्णी का रोल निभा रहा हूं, जो कबीर का पिता है। करण अपने बेटे से बहुत प्यार करता है और उसके लिए किसी भी हद तक जा सकता है, यही वजह है कि उसका देशमुख परिवार से टकराव होता है। उसमें नेगेटिव ट्रेट्स हैं और वह पूरी तरह पितृ मोह में बंधा हुआ है। खालिद सिद्दीकी ने शो की कास्ट के साथ काम करने के अनुभव पर कहा, यह बहुत ही प्यारी टीम है, सभी काफी सपोर्टिव और वेलकमिंग हैं, इस टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है।उन्होंने अपने फैंस के लिए भी एक संदेश दिया, मैं दर्शकों से कहना चाहता हूं कि शो को खूब प्यार दें और इसे हर दिन रात 8:30 बजे जरूर देखें।



### अड़ीवी शेष को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज़

अभिनेता अड़ीवी शेष को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंचीं। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म 'डकैत' के लिए शुभकामनाएं देने आई थीं।इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने अड़ीवी सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि शेष का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म 'बाहुबली' के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म 'कर्मा' से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी खास बन गई। अड़िवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है मौके पर मौजूद एक सूत्र ने बताया यह सेट पर बेहद भावुक पल था। रीना का सेश के लिए प्यार और समर्पण देखकर हर कोई प्रभावित हो गया। उन्होंने अपने लुक से लेकर हर छोटे-छोटे पहलू पर जो ध्यान दिया, वह काबिल-ए-तारीफ था। लेकिन सबसे खास बात यह थी कि सेश ने भी उन्हें उतनी ही गर्मजोशी और सम्मान के साथ जवाब दिया। वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गई थीं। यह पल इस बात की खूबसूरत मिसाल था कि कलाकार और उनके फैंस के बीच रिश्ता सीमाओं से परे होता है।



### अपारशक्ति खुराना का नया गाना 'तेरे पीछे' हुआ रिलीज, महिमा मकवाना संग दिखी केमिस्ट्री

बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना 'तेरे पीछे' रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है। अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे। 'तेरे पीछे' एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं 'गुलाबी आसमान' और 'आखरी वार', जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिंदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। 'तेरे पीछे' के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिंग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



### अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा किया

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने जहाँ भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक. उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार ज्ञअल्लूअर्जुनके 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिंग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं।इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।



# पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का तत्परता से मिले लाभ : मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत हितग्राहियों को हितलाभ किए वितरित

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि व जिला प्रशासन संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए तत्परता से कार्य किए जा रहे हैं, जिससे छोटे-छोटे प्रयासों से बड़े परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसे अनेक लोगों ने आत्मसात किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है, जो आगामी जून माह तक संचालित होगा। इस अभियान की सफलता के लिए प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जल संरक्षण को भविष्य की आवश्यकता बताई। सरकार द्वारा नदियों, झरनों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है। गंदे पानी को नदियों में जाने से रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से संकल्प लेने की अपील की कि जल की प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करें। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए जल पात्र की व्यवस्था करना भी आवश्यक है। यदि एक व्यक्ति भी जल पात्र रखता है, तो अनेक पक्षियों को पानी मिल सकता है और उनका जीवन सुरक्षित रह सकता है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास समाज में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हम सभी को मिलकर जल संरक्षण के लिए कार्य करना है। जल संरचनाओं का निर्माण, पुराने कुओं, बावड़ियों एवं तालाबों की साफ-सफाई और मरम्मत जैसे कार्य




प्राथमिकता से किए जाने चाहिए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि गाडरवारा स्थित पीजी कॉलेज के पास तालाब निर्माण कार्य को लक्ष्य बनाकर जून माह तक पूर्ण करें। साथ ही ऐसे स्थानों का चयन किया जाए, जहां वर्षा पूर्व पौधरोपण किया जा सके। उक्ताशय के विचार मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह गाडरवारा में आयोजित अनुभाग स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शिविर में व्यक्त किए। उन्होंने यहां शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभांवित किया। मंत्री श्री सिंह व अन्य अतिथियों ने लाड़ली लक्ष्मी योजनांतर्गत 10 हितग्राहियों, संबल 2.0 के तहत अनुग्रह सहायता राशि के तहत 23 हितग्राहियों, राष्ट्रीय परिवार सहायता के 5 हितग्राहियों को लाभांवित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में 455 दिव्यांग हितग्राहियों को 1931 सहायक उपकरणों का वितरण कर हितलाभों से लाभांवित किया। आयोजित शिविर में कुल 106 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया, शेष आवेदनों का निराकरण तत्परता से करने की कार्यवाही जारी है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गाडरवारा श्री शिवाकांत मिश्रा, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, डॉ. योगेश कौरव, श्री मुकेश मरैया, एसडीएम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, हितग्राही और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित अभियानों में हमें अपनी भूमिका तय करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें ईश्वर को धन्यवाद देना चाहिए कि हम पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम असहाय एवं दिव्यांगजनों की मदद करें। संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा और वे खुशी के साथ अपने घर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस देश में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी भूमिका होती है और बच्चों को देखकर जो खुशी मिलती है, वह अनेक बीमारियों का निदान है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिलता है और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है। जिन लोगों को योजनाओं की जानकारी नहीं है, उन्हें शासन की योजनाओं की जानकारी दी जाए, जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभांवित हो सके। आपने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लाड़ली बहना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर लाड़ली बहनों के बैंक खातों में राशि अंतरण की जाती है। राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कृतसंकल्पित है और विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिए धरातल स्तर पर कार्य कर रही है। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविरों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से कृषकों की सहूलियत के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान के साथ-साथ जल गंगा संवर्धन अभियान और जन संचय-जन भागीदारी अभियान के उद्देश्य के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन अभियान के अंतर्गत वर्षा जल का संचय किया जाना है तथा खेत का पानी खेत में और गांव का पानी गांव में की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने सभी से अपील की कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनें और जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिले में नर्मदा जी की कृपा एवं सहायक नदियों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है, फिर भी गिरते जल स्तर को लेकर सभी को चिंतित होने और जल संरक्षण के लिए प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि शासन का प्रयास है कि अभियान के माध्यम से वर्षा जल को संरक्षित किया जाए। इसके लिए सोकता गड्ढों, तालाबों आदि का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भवनों में वॉटर हार्वेस्टिंग बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

## मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई चीचली विकासखंड में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन पर दिया जोर

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम गाडरवारा में बाबई-चीचली विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक आयोजित की गई। बैठक में नल-जल योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि पंचायतों के माध्यम से संचालित पेयजल योजनाओं में किसी भी प्रकार की बिजली बिल या विद्युत संबंधी समस्या के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए। सीईओ जनपद चीचली को पंचायतों का नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। मंत्री श्री सिंह ने ग्राम पंचायत मोहपानी, पिपरिया डुरसुरू, सहावन, खला, मारेगांव, अमाड़ा एवं बारहाबड़ा पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरपंच-सचिव अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदारी के साथ करें तथा मद की राशि का उपयोग निर्धारित समय सीमा में करते हुए सभी निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। संबल योजना की समीक्षा करते हुए तीन माह से अधिक लंबित प्रकरणों की जानकारी ली गई। बताया गया कि 29 हितग्राहियों को सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है, जबकि तकनीकी कारणों से 13 प्रकरण जिला मुख्यालय स्तर पर लंबित हैं, जिसका निराकरण किया जा रहा है। ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री सिंह ने निर्देश दिए गए कि जिन पंचायतों में राशि उपलब्ध है, वहां निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएं। साथ ही ऐसे भवन जो जनहित में उपयोगी नहीं हैं, उन्हें डिस्मेंटल करने की कार्रवाई की जाए। सरपंच-सचिवों को आंगनवाड़ी केन्द्रों की सतत मॉनीटरिंग कर बच्चों को पोषण आहार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम इमलिया, बसुरिया, अमाड़ा सहित अन्य आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों के निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत इस माह जनपद चीचली में 1700 हितग्राहियों को स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। सीईओ जनपद एवं एसडीएम को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्यों के लिए रेत की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित की जाए। बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से संचालित कार्यों की प्रगति, स्कूलों में फर्नीचर की उपलब्धता तथा प्रधानमंत्री सड़क योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, एसडीएम श्रीमती कलावती व्यारे, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, श्री मुकेश मरैया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, जीआरएस एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## करेली नगर कांग्रेस अध्यक्ष बने बृजमोहन चौकसे

**करेली।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने युवा नेता ब्रजमोहन चौकसे को करेली नगर कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का



माहौल देखा जा रहा है। ब्रजमोहन चौकसे लंबे समय से कांग्रेस संगठन से जुड़े हुए हैं और उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाई है। संगठन में उनकी सक्रियता और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त अध्यक्ष ब्रजमोहन चौकसे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा से करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी कार्यक्रमों और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान भी किया। स्थानीय कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में करेली नगर कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेगी।

## 33 केवी लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग, नरवाई जली

**दमोह।** जिले के अभाना गांव में शनिवार सुबह करीब 10 बजे 33 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। इससे खेत में लगी नरवाई में आग लग गई। आसपास के खेतों में गेहूं की फसल खड़ी थी, जिसे ग्रामीणों की सूझबूझ से जलने से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार, अन्नू सेठ के खेत को रामदास अहिरवार ने ठेके पर लिया था। शुक्रवार को ही खेत में फसल की कटाई की गई थी और नरवाई खेत में मौजूद थी। शनिवार सुबह 33 केवी ट्रांसफार्मर के तार में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे तार टूटकर जमीन पर गिरे और नरवाई में आग भड़क गई।आग लगते ही आसपास मौजूद करीब 100 ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल ट्रैक्टर की मदद से कल्टीवेटर चलाकर और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस त्वरित कार्रवाई से आग को अन्य खेतों तक फैलने से रोका जा सका और एक बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि जिस समय बिजली का तार टूटा, उस दौरान नीचे कोई ग्रामीण मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि खेत में रखे ट्रांसफार्मर को हटाकर सड़क किनारे लगाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।



## एनटीपीसी गाडरवारा में राजभाषा कार्यशाला का आयोजन




गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

एनटीपीसी गाडरवारा में बी. बी. पात्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), गाडरवारा की अध्यक्षता में दिनांक 27 मार्च, 2026 को राजभाषा कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राकेश कुमार, पूर्व निदेशक (राजभाषा), गृह मंत्रालय उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, हिन्दी निरीक्षण/जांच बिंदुओं के अनुपालन, हिन्दी पुस्तकों की क्रय-प्रक्रिया, प्रशासनिक बैठकों एवं कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने, हिन्दी पत्रिका के नियमित प्रकाशन तथा राजभाषा संबंधी कार्यशालाओं एवं अन्य गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इन विषयों से संबंधित निर्णयों, आगामी कार्य-योजना तथा आवश्यक कार्यवाहियों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास करने पर बल दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों/समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं निर्देश प्रदान किए गए।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पर पुनरावलोकन एवं आत्मावलोकन कार्यक्रम का आयोजन आज

**नरसिंहपुर।** हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'पत्रकार जन संवाद केंद्र' द्वारा एक विशेष गरिमामयी संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पुनरावलोकन एवं आत्मावलोकन रखा गया है, जिसमें पत्रकारिता के इतिहास, मूल्यों और बदलते स्वरूप पर गहन चर्चा की जाएगी।यह आयोजन 29 मार्च 2026, रविवार को सदर मढ़िया के पास स्थित शगुन गार्डन में आयोजित होगा। कार्यक्रम का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर उपस्थित रहेंगे, जो 'माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान' के निदेशक हैं और पत्रकारिता के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम हैं। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता के पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी के योगदान को भी स्मरण किया जाएगा। संगोष्ठी में जिले के पत्रकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे तथा हिंदी पत्रकारिता के बीते 200 वर्षों की उपलब्धियों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा करेंगे। यह आयोजन पत्रकारिता के मूल्यों को समझने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।





## शिक्षा मंत्री राव ने लगाई भव्य जवारे दरबार में हाजिरी

### भगवती मातारानी का किया पूजन

करेली

नगर के प्रधान देवालय श्री राम मंदिर स्थित सुमन भागवत मंच पर आयोजित भव्य 9 मुख्य कलश, 251 अखंड ज्योति एवं 551 जवारे स्थापना के वैभवपूर्ण आयोजन में मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का शुक्रवार रात्रि आगमन हुआ। मंत्री श्री सिंह ने सुमन भागवत मंच पर स्थापित





मातारानी के भव्य दरबार एवं जवारे स्थापना में पूजन अर्चन किया व आचार्यगणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री राव ने कहा कि राम मंदिर के जवारे स्थापना का आयोजन अत्यंत वैभवशाली है और मातारानी की भक्ति, आराधना का केंद्र भी है। हम सभी भगवती जगदंबा से क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना करते हैं। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला महामंत्री ठा राजीव सिंह, सुरेश नेमा, रजत चौहान, आशीष अग्रवाल, राजमहेंद्र यादव, दीपक शर्मा, पार्षद श्रीमती संगीता शर्मा सहित आयोजक संस्था युवक आध्यात्म मंडल के सीताराम चौरसिया, अजय नेमा, बसंत दुबे, आशीष दुबे, हरिओम ममार, हेमंत पटेल, आशीष गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका की दायर

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)

विगत दिवस शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले को लेकर राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर वरिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर चर्चा करते हुए उक्त मामले में पुनर्विचार याचिका से संबंधित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए राज्य शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के नाम से पुनर्विचार याचिका हेतु कार्यवाही पूर्ण की। प्रांताध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि



शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर उत्पन्न असमंजस की स्थिति से शिक्षकों को चिंतित होने एवं व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट आने की आवश्यकता नही पड़ेगी। हम कानूनी लड़ाई लड़ेंगे, साथ ही उक्त मामले को लेकर शासन स्तर पर भी सतत संवाद बना हुआ है। राज्य शिक्षक संघ ने प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी उक्त मामले को लेकर अपनी बात रखी है। प्रतिनिधि मंडल में नगेंद्र त्रिपाठी, नरेंद्र त्रिपाठी, राजेश एलिया, गजेंद्र बछले, गिरीश द्विवेदी, आनंद त्रिवेदी, सत्येंद्र सिंह गौर, शैलेन्द्र श्रीवास्तव एवं अनिल पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।


## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन एवं सचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.

**प्ररूप-क**

**(नियम 4 देखिए)**

क्रं-536/भू-अर्जन/अ.वि.अ./2026 नरसिंहपुर, दिनांक - 26/03/2026

**प्र. क्रं.- 0015/अ-82/2025-26**

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक प्रयोजन के लिए समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है। अध्ययन का कार्य भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परियोजना विकासक का नाम | जनरल मैनेजर म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण नरसिंहपुर म.प्र.। |
| 02 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु ग्राम इमझिरी में भू अर्जन। |
| 03 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 01. अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा<br>02. उप संचालक सामाजिक न्याय व निःशक्तता नरसिहंपुर<br>03. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चावरपाठा<br>04. नायब तहसीलदार वृत सिहोरा<br>05. सरपंच ग्राम पंचायत इमझिरी<br>06. हल्का पटवारी ग्राम इमझिरी |
| 04 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | गाडरवारा |
| (ग) | ग्राम/नगर | इमझिरी |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | निजी भूमि 0.023 हे0 |
| (ड) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकबा 0.023 हे0 |
| 05. | प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त विवरण | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना हेतु ग्राम इमझिरी में भू अर्जन। |
| 06 | प्रभावित क्षेत्र | प्रभावित क्षेत्र 0.023 हे0 |
| 07 | क्या ग्राम सभाओं और/या भूभिधारकों की सहमति अपेक्षित है | नहीं |
| 08 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किए जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर |

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)**

**(श्रीमति रजनी सिंह) कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व जिला नरसिंहपुर (म. प्र)**






# निर्भीक होकर जीना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि

## बारडोली साहित्य उत्सव में कहानी एवं कविताओं का पाठ संपन्न

कटनी (स्वतंत्र मत)।

जब हम शहीदों का स्मरण करते हैं तब यह तथ्य उभरता है कि हमारी आजादी बड़ी मूल्यवान है, जिसे पाने के लिए देश ने बड़ी कीमत चुकाई हैं। आजादी की लड़ाई में बड़े बड़े लोग अपना राजप्रासाद छोड़ सड़क पर आम आदमी के साथ आकर खड़े हुए थे। ये लोग कुछ पाने के लिए नहीं, बल्कि समाज को कुछ देने के लिए लड़े थे।

इस काल में जब बड़े बड़े राजघराने अंग्रेजों का चरण चुंबन करते हुए उनका साथ दे रहे थे, तब विजयराघवगढ़ राजा के साथ यहां के लोग अपने क्षत्रिय धर्म का पालन करते हुए अंग्रेजों से लड़ रहे थे। किंतु आज ऐसा देखने को नहीं मिलता। आज के इस विभाजनकारी समय में जब लोग जाति-धर्म के नाम पर लड़ते हैं। होली, दिवाली, ईद पर लड़ते हैं, तब हमें याद करते हुए विस्मय होता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व सुदूर दक्षिण में जन्मे आदि शंकराचार्य ने कैसे वहां से पैदल चल कर एक प्रांत से दूसरे प्रांत को लांघते हुए हिमालय तक की यात्रा की और सारे देश को एक सूत्र में बांधा था। इसी कटनी में जन्मे रायबहादुर हीरालाल ने ब्रिटिश काल में अंग्रेज शासन की सेवा में रहते हुए इस आत्महीन प्रदेश के इतिहास, समाज, परंपरा, संस्कृति, पुरातत्व के गौरव को जिस शानदार ढंग से रेखांकित किया, उससे आज की पीढ़ी के प्रशासक प्रेरणा के सकते हैं कि कैसे अपने समय को चित्रित करना चाहिए। हमे अपने क्रांतिकारी बलिदानियों से प्रेरणा लेकर निर्भीक होना चाहिए, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्तशय के सारगर्भित विचार गत 23 मार्च शहीद दिवस पर स्थानीय प्रेम वाटिका (भार्गव कंपाउंड) में म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) कटनी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित (बारडोली साहित्य उत्सव) के प्रथम चरण की संगोष्ठी में वक्ताओं द्वारा व्यक्त किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ लब्धप्रतिष्ठित कवि/ निबंधकार अष्टभुजा शुक्ल ने की तथा मुख्य वक्ता पूर्व आई.ए.एस. एवं कवि/ कथाकार राजीव शर्मा रहे। कार्यक्रम के दूसरे चरण कहानी सत्र में वरिष्ठ लब्धप्रतिष्ठित कवि/ कथाकार उदय प्रकाश, सुविख्यात कहानी/ उपन्यासकार तरुण भटनागर एवं सुविख्यात कहानीकार विमल चंद पांडे द्वारा अपनी प्रतिनिधि कहानियों का पाठ किया गया। जिसका संचालन अजय प्रताप सिंह बघेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में वरिष्ठ कवि अष्टभुजा शुक्ल (बस्ती), नवगीतकार राम निहोर तिवारी (उमरिया), लोकनाथ (उमरिया), विवेक चतुर्वेदी (जबलपुर), डॉ. दीपक जायसवाल (दिल्ली), विभूति तिवारी (ब्यौहारी) एवं इति शिवहरे (दिल्ली) द्वारा काव्य पाठ किया गया। इस सत्र का संचालन विवेक चतुर्वेदी द्वारा किया गया।


कार्यक्रम की प्रस्तावना राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की एक विशेषता यह भी रही कि आयोजन का दिन सोमवार जैसा कार्यदिवस होने के बाद भी उल्लेखनीय संख्या में नगर के साहित्य प्रेमी प्रबुद्ध वर्ग की उपस्थिति कार्यक्रम समापन तक बनी रही। आयोजन स्थल पर जबलपुर से आए अजय यादव द्वारा लगाया गया साहित्यिक पुस्तकों के विक्रय का स्टाल भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर सुशील शर्मा, डॉ. यशवंत वर्मा, डॉ. सुनीता वर्मा, डॉ. अमित कुमार साहू, डॉ. चित्रा प्रभात, निर्भय सिंह, मोहन नागवानी, के.एल. कनकने, अरविंद भार्गव, आशीष सोनी, जुगल किशोर मिश्रा, मुकेश चंदेरिया, आशीष नामदेव, अनिल लालवानी, सुधीर सिंघानी, अनिल नेमा, राजेश बनवारी, विभव राम त्रिपाठी, मनोहर मनोज, राजा अवस्थी, रविन्द्र रवि, डॉ. ऊषा पांडे, पुष्पा गुप्ता प्रांजलि, मुकेश त्रिपाठी, डॉ. प्रद्युम्न मिश्रा, अनिल मिश्रा, गणेश राव, डॉ. सुशील खंपरिया, विजय बागरी, सुभाष सिंह, अजय त्रिपाठी, ललन विश्वकर्मा, ईश्वरदास पुरवार, चंद्रकिशोर चंदन, विंदेश्वरी पटेल, ओंकार गौतम, मुरली प्रथ्यानी, डॉ. दिनेश बाटला, हरि सिंह भदौरिया, जितेंद्र सिंह, कमल श्रीचंदानी, कमलराज अग्रवाल आदि सैकड़ों प्रबुद्ध जनों सहित म.प्र. साहित्य सम्मेलन के उमरिया, शहडोल, अनूपपुर से पधारे अनेक रचनाकारों की उपस्थिति रही।

# गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, सभी को गैस मिले



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन, एडवोकेट ने कटनी शहर और कटनी जिले में घरेलू गैस की अनुपलब्धता व सही सप्लाई न होने से आम जनता को हो रही तकलीफ की ओर जिले के प्रशासनिक मुखिया कलेक्टर कटनी और खाद्य विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकर्षण किया है। मिथलेश जैन ने बताया है कि मध्य पूर्व में ईरान के साथ चल रहे युद्ध के कारण भारत में भी गैस की घरेलू गैस के सिलेंडरों की दिक्कत हो रही है। कटनी जिले में भी विगत लगभग एक माह से होम डिलीवरी ना होने से जनता गैस एजेंसीयों के सामने लाइन लगाकर दिनभर परेशान हो रही है लेकिन कभी गाड़ी ना आने का बहाना बनाकर, कभी केवाईसी ना होने का बहाना करके व अन्य बहाने करके उपभोक्ताओं को गैस नहीं दी जा रही है। गैस कंपनियों के नियमानुसार गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी होना चाहिए क्योंकि गैस एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी का चार्ज भी लिया जा रहा है लेकिन होम डिलीवरी ना करके अपने कार्यालय में लंबी लाईन लगवाकर डिलीवरी की जा रही है। गैस की डिलीवरी ना मिलने से होटल, ठेला वाले व उद्योग वाले भारी परेशान हैं। गरीबों के ठेले बंद हो रहे हैं। रामनवमी के भंडारे करने वाले भी गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान हुए। घर में उपयोग के लिए भी सिलेंडर न मिलने से महिला एवं नागरिक गण परेशान हैं। कटनी जिले में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी और खाद्य अधिकारी ने फील्ड में उतरकर इस कठिनाई को दूर करने का कोई प्रयास नहीं किया है। इस कारण गैस सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग भी हो रही है। मिथलेश जैन ने मांग की है कि अविलंब सुचारु व्यवस्था जारी करते हुए कमर्शियल व घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता समय पर किए जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

# जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने सांसद विवेक कृष्ण तंखा से की मुलाकात



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला ने राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा से मिलकर आग्रह किया की अधिवक्ता संघ कटनी में महिला अधिवक्ताओं को बैठने के लिए महिला अधिवक्ता कक्ष एवं बैठक व्यवस्था की मांग की गई जिस पर तंखा ने तत्काल 5,00,000/- (पांच लाख) की राशि स्वीकृत की गई। जिला अधिवक्ता संघ एवं महिला व्यवस्थाओं ने हर्ष व आभार व्यक्त किया।



# यूथ कटनी द्वारा वृद्धआश्रम में सेवा कार्य संपन्न

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** यूथ कटनी नगर की अग्रणी समाज सेवी संस्था है जो सेवा कें निरंतर न्याय स्थापित कर रही है। संस्था की संचालिका अनू शशांक श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी तारतम्य में विगत दिवस सरोज नायक पूर्व विधायक के मुख्य आतिथ्य में बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों की सेवा करते हुए उन्हें गर्मी से राहत हेतु शीतल पेय शरबत एवं अन्य प्रदान किया गया साथ ही वृद्ध जनों से आशीर्वाद प्राप्त कर उनके साथ स्नेह भोज किया गया। इसी क्रम में दादा धाम स्थित श्री कृष्णा वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को पादुका सेवा वह अन्य सामग्री प्रदान करते हुए भजन का सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने बुजुर्गों की सेवा करते हुए उन्हें स्नेहभोज कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। जिसमें चित्र प्रभात, प्रभा साहू, माधवी शर्मा, रेनू गट्टानी, जय मित्तल, शांभवी श्रीवास्तव, अर्चना पुरवार, शिल्पी गुप्ता, आरती श्रीवास्तव, पूनम असरानी, रश्मि बघेल, सविता राठौर, संगीता मेघानी, शोभा राय, रिचा गट्टानी, सीमा, संगीता मरेले पांडे, शिवांगी सिंह, शिवांगी सिंह है शुभ सिंह गुप्ता, विनीता अग्रवाल जसवानी, स्मिता चौदह, शांति शर्मा, सारिका त्रिसुलिया, भावना राय, शिल्पा जैन, जोशना गुप्ता, योगिता त्रिसोलिया, वंदना गुप्ता, निना मैनी, पूजा तनवानी, संगीता जयसवाल, नीलम गुप्ता, शोभना खमरिया।

# पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा वैद्यता अधिनियम 2025 को वापस लेने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी द्वारा अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स संघ के आव्हान पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन म.प्र. के प्रांताध्यक्ष के निर्देशानुसार भारत सरकार वित्त मंत्रालय द्वारा 29 मार्च 2025 को जारी किए गए नोटिफिकेशन, जिसमे केन्द्र सरकार को अपने पेंशनर्स का वर्गीकरण करने और उनके बीच अंतर बनाए रखने का अधिकार है, जारी अधिनियम को वापस लेने के संबंध में ज्ञापन कलेक्टर कटनी के माध्यम से नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री भारत सरकार को 25 मार्च को सौंपा गया। वैद्यता अधिनियम 2025 यह सिद्धांत वैद्य करता है कि केन्द्र सरकार अपने पेंशनभोगियों को वर्गीकृत करने और उनके बीच भेदभाव रखने के अधिकारी है। इस वित्त विधेयक को भाग के रूप में 25 मार्च 2025 को लोकसभा में पारित किया गया। यदि यह अधिनियम अक्षरत: लागू होता है तो पेंशनर्स की सेवा निवृत्त तिथि ही पेंशन पात्रता में भेदभाव और वर्गीकरण का आधार बनेगी। जबकि पेंशन एक सामाजिक कल्याणकारी उपाय है। पेंशन योजना का लक्ष्य पेंशनभोगियों के सम्मान, स्वतंत्रता और सेवानिवृत्त पूर्व के स्तर को बनाए रखना है। यह अधिनियम 01 जनवरी 2026 से पहिले सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों को अपूरणीय हानि पहुंचाता है। अत: हम निवेदन करते हैं कि जिस प्रकार केंद्रीय वेतन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत हुए और 01 जनवरी 2016 को या उसके बाद सेवा निवृत्त हुए पूर्व पेंशनरों के बीच समानता की सिफारिश की गई थी और केंद्र सरकार द्वारा वर्ष जनवरी 2016 से इसे स्वीकार किया गया था, उसी प्रकार आठवें वेतन आयोग में भी इस सिद्धांत को यथावत रखा जावे। वित्त विधेयक के रूप यह काला अधिनियम लोकसभा में 25 मार्च 2025 को पारित हुआ था, जिसे जारी हुए एक वर्ष पूरा हो रहा है। अत: इस अधिनियम के विरोध में अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दिल्ली के आव्हान पर प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के पेंशनर्स काली पट्टी बांधकर 25 मार्च को काला दिवस के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रस्तुत कर अनुरोध किया है कि वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 29 मार्च 2025 को जारी अधिसूचना को तत्काल वापस लेने के संबंध में आदेश जारी कर पेंशनर्स को राहत प्रदान करने का कष्ट करें। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा कटनी के द्वारा ज्ञापन कलेक्टर कटनी के द्वारा नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री भारत सरकार को सौंपते समय अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक, उपाध्यक्ष मोहन लाल सोनी, संरक्षक अनंत तिवारी, सचिव मंगल प्रसाद खंपरिया, संयुक्त सचिव मदन लाल चौरसिया, सह सचिव अशोक कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष जे.पी. हल्दकार, प्रचार मंत्री विजय कुमार तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य रमाशंकर पांडे, राघवेंद्र परोहा, कोमल नामदेव, श्रीराम पांडे, गणेश विचपुरिया, नरेश पांडे, राजा भैया पांडे, विजयराघवगढ़ अध्यक्ष रामनिधि मिश्रा आदि पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे।

# मरही माता मंदिर में सुहागलें का आयोजन, बड़ी संख में मात्र शक्तियां रहीं उपस्थित



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** कटनी के बावली टोला स्थित प्रसिद्ध मरही माता मंदिर में 28 मार्च को एक विशेष धार्मिक आयोजन हुआ। नवरात्रि पर्व के समापन के बाद, शनिवार को मंदिर में सुहागलें का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हिंदू धर्म की प्राचीन परंपराओं और मान्यताओं का प्रतीक है। मंदिर के पुजारी बद्री पंडा ने इस अवसर पर भारतीय संस्कृति की विशिष्टता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में विभिन्न देवताओं और व्रतों की व्यवस्था है, जो मनुष्य की विभिन्न इच्छाओं और आकांक्षाओं से जुड़ी हुई है। इस परंपरा में, स्त्रियां अपने पति को परमेश्वर के समान मानती हैं और उनकी लंबी आयु एवं स्वास्थ्य के लिए व्रत रखती हैं। सुहागलें एक ऐसा ही विशेष व्रत है, जिसमें सुहागिन महिलाएं अपने पतियों की दीर्घायु और कल्याण के लिए पूजा-अर्चना करती हैं। यह प्रथा भारतीय संस्कृति की अनूठी विशेषता है, जो दुनिया के अन्य धर्मों और संस्कृतियों में दुर्लभ है। इस व्रत में महिलाएं न केवल अपने पति के लिए प्रार्थना करती हैं, बल्कि उनके जीवन से सभी प्रकार के अनिष्ट को दूर करने की कामना भी करती हैं। मरही माता मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 550 महिलाओं ने भाग लिया। उन्होंने इस पवित्र अनुष्ठान में शामिल होकर न केवल अपने पतियों के लिए आशीर्वाद मांगा, बल्कि खुद के लिए भी पुण्य का लाभ अर्जित किया। यह आयोजन भारतीय समाज में पति-पत्नी के पवित्र बंधन और परिवार के महत्व को रेखांकित करता है। साथ ही, यह स्थानीय समुदाय में सामाजिक एकता और धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देने का एक माध्यम भी है। ऐसे कार्यक्रम न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को भी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़े रखने में मदद करते हैं। मरही माता मंदिर में आयोजित सुहागलें का यह कार्यक्रम कटनी के धार्मिक कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है, जो हर साल महिलाओं को अपने विश्वास और परंपराओं को मनाने का अवसर प्रदान करता है। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# केंद्रीय विद्यालय में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** केंद्रीय विद्यालय में विद्यार्थियों में पढ़ने की रुचि बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु (पुस्तकोपहार) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पुस्तकों के बजाय पुरानी पुस्तकों का आदान-प्रदान कर संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी उपयोग की हुई पुस्तकों को एक-दूसरे को उपहार स्वरूप भेंट किया। इससे न केवल ज्ञान का प्रसार हुआ, बल्कि कागज की बचत के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नवल किशोर पचौरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्रोत हैं और उनका पुन: उपयोग करना पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण हेतु ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश के साथ हुआ और सभी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाने का संकल्प लिया।

# श्रीराम की महिमा से आलोकित हुआ भरभरा आश्रम का शिव मन्दिर परिसर

## लोक एवं भक्ति गायन के साथ नृत्य नाटिका में दिखी श्रीराम की महिमा

कटनी (स्वतंत्र मत)।




जिला प्रशासन, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास और संस्कृति विभाग द्वारा श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर कलानुशासनों में श्रीरामचंद्र की महिमा केन्द्रित (आविर्भाव समारोह) का आयोजन शुक्रवार 27 मार्च, को सायं 6:30 बजे से उमरियापान क्षेत्र के शिव मंदिर, भरभरा आश्रम में किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा यह आयोजन जिला प्रशासन, के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धा, भक्ति और शास्त्रीय-सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के अनुपम संगम ने दर्शकों का मनमोह लिया। आविर्भाव समारोह के आयोजन में जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम, पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता दुबे, एसडीएम ढीमरखेड़ा निधि गोहल, जनपद पंचायत सीईओ यजुवेंद्र कोरी, राजाराम चौरसिया, रवि खरे, सुरेश सोनी, सरपंच रामसखी कोल सहित अन्य गणमान्य जनो की मौजूदगी रही। जबलपुर के लोकगायक भवानीदास अहिरवार ने बुंदेली लोकगायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने जनम लये राजा राम ने अवध में हमखे लगे बड़े प्यारे बड़े लाल हो गये तुम्हारे राम लखन सिया जानकी जय बोलो हनुमान की जो लो राम जियावे रे, दो बातें मन भज लैयो राम नाम तारन हारो, बम-बम भोला नाथ जय-जय माता पार्वती जीवनदान दे रही माँ सबको ज्ञान दे रही माँ नर्मदा जैसे भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। राम भक्ति और शिव स्तुति से सजी उनकी गायकी ने श्रोताओं के हृदय को छू लिया, वहीं, माँ नर्मदा पर आधारित गीत ने आध्यात्मिक भावों को नई ऊँचाई दी। अगली प्रस्तुति मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम कथक नृत्य नाटिका की हुई। नृत्य नाटिका की संकल्पना एवं कोरियोग्राफी कथक नृत्यांगना डॉ. श्यामा पंडित द्वारा की गई है। प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जी वन के प्रमुख प्रसंगों राम-सीता वनवास, सीता हरण, राम की शक्ति पूजा तथा रावण वध को नृत्य के माध्यम से अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। तीनताल में निबद्ध इस प्रस्तुति के साथ तोड़े, टुकड़े, परन एवं तिहाइयों के माध्यम से लय, गति और ताल की जटिलताओं को दर्शाया गया। वहीं, भाव पक्ष रूपक ताल में अभिव्यक्त रहा, जहाँ अभिनय, मुखाभिनय एवं गत-भाव के माध्यम से कथा के संवेदनशील एवं भावनात्मक प्रसंगों को जीवंत कर दिया। राम की शक्ति पूजा प्रसंग ने भक्ति, समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा के गहन चित्रण को प्रस्तुत किया, जबकि रावण वध के दृश्य ने वीर रस से परिपूर्ण हो कर दर्शकों में उत्साह और ऊर्जा का संचार कर दिया।

अंतिम मंचन में बुरहानपुर के नितेश सिंह एवं साथी कलाकारों ने भक्तिगायन की प्रस्तुति दी। उन्होंने गणेश वंदना म्हारा कीर्तन में रस बरसाओ मंगलाचरण के साथ ही पूरे आश्रम परिसर की आध्यात्मिक भावभूमि को भक्ति रस की धारा से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो दुनिया चले ना श्रीराम के बिना, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जायेंग गीतों का गायन कर स्वर-साधना की परिपक्वता, संगतकारों के साथ सधा हुआ सामंजस्य तथा भावाभिव्यक्ति की सहजता को पेश किया।

अगले कड़ी में श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में और रामजी की निकली सवारी जैसे भक्तिगीतों की श्रंखला ने श्रोताओं को भक्ति-रस में निमग्न कर दिया। प्रत्येक रचना में निहित श्रद्धा, समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा नेवातावरण को भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय भाव-विभोर होकर तल्लीनता के साथ रसास्वादन करता रहा। मधुर धुनों, लयबद्ध प्रस्तुति और अंतर्मन को स्पर्श करने वाली अभिव्यक्ति ने पूरे आयोजन को एक गरिमामय सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उत्सव के रूप में परिणित कर दिया।

# वाराणसी में 31 मार्च को एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एमपी-यूपी सहयोग को मिलेगा नया आयाम

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार 31 मार्च 2026 को वाराणसी में आयोजित होने वाले एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 के माध्यम से अंतरराज्यीय सहयोग को एक ठोस, परिणामोन्मुख और वैश्विक दृष्टि से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल करेगी। यह सम्मेलन महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत संवाद के साथ ही ओडीओपी, जीआई टैग, पारंपरिक शिल्प, निर्यात योग्य उत्पादों, निवेश और पर्यटन को एकीकृत करते हुए एक व्यापक आर्थिक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सक्रिय उपस्थिति इस आयोजन को नीति-निर्माण से आगे बढ़ाकर क्रियान्वयन आधारित सहयोग की दिशा में परिवर्तित करेगी, जिससे दोनों राज्यों के बीच विकास का एक सशक्त और दीर्घकालिक मॉडल विकसित होगा।

### विकसित होगा आधुनिक तीर्थ प्रबंधन का दृष्टिकोण

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां



क्र ाउड फ्लो डिजाइन, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन प्रणालियों का गहन अवलोकन किया जाएगा। यह भ्रमण केवल एक निरीक्षण नहीं होगा, बल्कि आधुनिक शहरी नियोजन और तीर्थस्थल प्रबंधन के सफल मॉडल को समझने का अवसर प्रदान करेगा। इस अनुभव के आधार पर मध्यप्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास, सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्थागत सुधार के लिए व्यवहारिक दृष्टिकोण विकसित किया जाएगा, जिससे तीर्थ पर्यटन को अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाया जा सकेगा। सम्मेलन में ओडीओपी, जीआई टैग उत्पादों, पारंपरिक शिल्प, कृषि एवं फूड उत्पादों को ब्रांडिंग, मार्केटिंग और निर्यात से जोड़ने पर विशेष फोकस रहेगा। उत्तरप्रदेश की ओडीओपी पहल के अनुभवों और उसके आर्थिक प्रभावों की प्रस्तुति से यह स्पष्ट होगा कि किस प्रकार स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बनाया जा सकता है। इस मंच पर दोनों राज्यों के उत्पादों की विशिष्टताओं को रेखांकित करते हुए उन्हें एक साझा ब्रांडिंग दृष्टिकोण के तहत प्रस्तुत करने की दिशा में विचार-विमर्श होगा, जिससे निर्यात संवर्धन और मूल्य संवर्धन के नए अवसर विकसित होंगे।

### सुदृढ़ होगी व्यापार, निवेश और कौशल विकास की साझेदारी

सम्मेलन में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिनके माध्यम से व्यापारिक सहयोग, औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी को औपचारिक रूप दिया जाएगा। यह समझौता केवल दस्तावेजी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जमीनी स्तर पर लागू करते हुए उद्योगों, उद्यमियों और शिल्पकारों के लिए नए अवसर सृजित किए जाएंगे। ओडीओपी उत्पादों के आदान-प्रदान से स्थानीय उत्पादों को नए बाजारों तक पहुंचाने और उनकी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।

# मौतों पर मुआवजा राशि में अंतर क्यों: उमंग सिंघार

## नेता प्रतिपक्ष बोले छिंदवाड़ा बस हादसे में मृतकों के परिवारों को कांग्रेस विधायक दल देखा 50-50 हजार की मदद



भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भोपाल में अपने सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राज्य और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। सिंघार ने प्रदेश में बढ़ती दुर्घटनाओं और छिंदवाड़ा हादसे का जिक्र करते हुए कहा कि देश और प्रदेश में वर्तमान स्थिति इमरजेंसी जैसी हो गई है।

उन्होंने सरकार की मुआवजा नीति पर सवाल उठाते हुए मांग की है कि मृतकों के परिजनों के लिए 24 घंटे के भीतर सिंगल विंडो सिस्टम से भुगतान होना चाहिए। सिंघार ने कहा कि उद्योगपतियों के लिए सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम बना दिया कि उन्हें जमीन से लेकर तमाम एनओसी और सुविधाएं मिल जाएंगी। उधर, किसी गरीब की सरकारी सिस्टम की खामी की वजह से मौत होती है तो उसे मुआवजे के लिए दफ्तरों में भटकना प?ता है।

**भीड़ जुटाने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग** - सिंघार ने छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री की सभा के दौरान हुई दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और प्रशासन ने सभा में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया। जनपद पंचायत के सीईओ ने पत्र जारी कर कर्मचारियों और ग्रामीणों को चेतावनी दी थी कि यदि वे नहीं आए तो कार्रवाई होगी। सिंघार ने कहा कि इसी आपाधापी में 10 लोगों की मौत हो गई और 40 घायल हुए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की ओर से छिंदवाड़ा बस हादसे में मृत प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी।

### मुआवजा नीति में भेदभाव

नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में लागू अलग-अलग मुआवजा नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा भागीरथपुरा हादसे में 2 लाख दिए जाते हैं, कहीं और 1 लाख। सरकार के पास कोई ठोस यूनिफॉर्म पॉलिसी क्यों नहीं है? सीएम की घोषणा के बाद पीड़ितों को विभागों के चक्कर काटने पड़ते हैं। कमीशन देने के बाद ही पैसा मिलता है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा जैसे व्यापारियों के लिए सिंगल विंडो सुविधा है, वैसे ही गरीब मृतक परिवारों के लिए 24 घंटे में सहायता राशि मिलने का नियम बनना चाहिए।

# सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी और बैंगनी अरहर बनेगी शान

## श्रीअन्न उत्पादन को बढ़ावा देगा मप्र, जनजातीय जिलों के किसानों को होगा आर्थिक लाभ

भोपाल

मध्यप्रदेश की तीन फसलों सिताही कुटकी, नागदमन कुटकी और बैंगनी अरहर को शीघ्र ही जी आई टैग मिलने जा रहा है। तीनों फसलों के प्रस्ताव तैयार कर परीक्षण के लिए भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री चैन्नई भेज दिए गए है। कृषक कल्याण वर्ष 2026 में राज्य सरकार श्रीअन्न उत्पादन बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पारंपरिक कोदो-कुटकी को बचाने और उत्पादन करने के लिये किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। औषधीय गुणवत्ता और पौष्टिकता के कारण अब दुनिया श्रीअन्न की ओर लौट रही है। ग्लोबल मार्केट में श्रीअन्न की मांग बढ़ रही है। श्रीअन्न अब किसानों के लिये आर्थिक लाभ देने वाली फसल बन गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर रानी दुर्गावती श्री अन्न



प्रोत्साहन योजना में किसानों से 1,000 प्रति क्विंटल पर कोदो कुटकी की खरीदी हो रही है। कोदो-कुटकी की खरीद के लिए 22,000 से ज्यादा किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। इन किसानों का 21,000 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इस योजना में 16 जिलों में पहली बार खरीद की जा रही है। इन जिलों में जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रीवा, मऊगंज, सतना, मैहर, बालाघाट, सिवनी, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं । जनजातीय जिलों में किसानों को कोदो-कुटकी की सभी प्रकार की किस्मों को बचाने और उनका उत्पादन बढ़ाने के लिये प्रात्साहित किया जा रहा है। सीधी, जबलपुर, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा जैसे जिलों में किसानों को जोड़ा गया है। सहरिया-बहुल श्योपुर जिले में जनजातीय बच्चों में कुपोषण दूर करने के लिए मिलेट आधारित व्यंजनों का उपयोग किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं और एकीकृत बाल विकास योजना के अमले को मिलेट के व्यंजन बनाने की जानकारी दी गई है और इसके पौष्टिक गुणों से परिचित कराया गया है। जिले में 130 एकड़ में कोदो कुटकी की खेती हो रही है। करीब 200 किसानों को इसमें जोड़ा गया है। इस पहल का परिणाम यह रहा कि 2000 बच्चों का पोषण स्तर बढ़ गया और उनके स्वास्थ्य में सुधार आया।

# वीआईपी कार्यक्रमों में ढोकर लाये नागरिकों की सुरक्षा गारंटी ले सरकार : कांग्रेस

## लोकतंत्र में जनता सम्मान की अधिकारी-प्रदर्शन की वस्तु नहीं, रैलियों में दुर्घटना बीमा की व्यवस्था हो अनिवार्य

भोपाल

मध्य प्रदेश में वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान आम नागरिकों, कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। हाल ही में छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से लौट रहे लोगों की बस दुर्घटना में कई लोगों की मौत होना इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि भीड़ जुटाने और प्रबंधन में भारी लापरवाही बरती जा रही है। प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आंकड़े बताते हैं मध्य प्रदेश में दुर्घटनाएं एक गंभीर संकट का रूप ले चुकी हैं। वर्ष 2023 में ही प्रदेश में 14,000 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर्ज की गई है, जबकि हर दिन औसतन 35ङ्क38 लोगों की जान जा रही है। पिछले एक दशक में यह संख्या लाखों तक पहुंचती है, जो बताती है कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में अभी भी गंभीर खामियां बनी हुई हैं। गुप्ता ने कहा कि ऐसी स्थिति में जब



आम नागरिक पहले से ही असुरक्षित परिवहन व्यवस्था का सामना कर रहे हैं, तब वीआईपी कार्यक्रमों के नाम पर लोगों को जबरन भीड़ में शामिल करना, लंबी दूरी तक ढोकर ले जाना और बिना पर्याप्त सुरक्षा के वापस भेजना अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना और अमानवीय है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि वीआईपी कार्यक्रमों के लिए मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाया जाए और उसका सख्ती से पालन हो। किसी भी प्रकार के सरकारी दबाव या बाध्यता से लोगों को भीड़ में लाना पूरी तरह बंद किया जाए। कार्यक्रम में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य दुर्घटना बीमा सुनिश्चित किया जाए। किसी भी दुर्घटना में मृत्यु होने पर पीडि़त परिवार को कम से कम 1 करोड़ रुपये का मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और बच्चों की शिक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी सरकार उठाए। कार्यक्रमों के लिए परिवहन, भोजन, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं की पूर्व सुनिश्चित व्यवस्था अनिवार्य की जाए। लोकतंत्र में जनता सम्मान की अधिकारी है, प्रदर्शन की वस्तु नहीं। सरकार को यह समझना होगा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता भीड़ से नहीं, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से मापी जाती है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे हादसे आगे भी दोहराए जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार पर होगी।

# चैत्र नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति हुई



हटा

गायत्री शक्तिपीठ में 9 दिन तक चलने वाले चैत्र नवरात्र अनुष्ठान की पूर्णाहुति रामनवमी को प्रात:कालीन बेला में पंच कुडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से पीत वस्त्रधारी श्रद्धालु परिजनों ने की। तीन पारियों में 7500 आहुतियां गायत्री महामंत्र एवं अन्य विशेष मंत्र से यज्ञ भगवान को प्रदान की गई। हटा तहसील में 100 से अधिक परिजन ने 24000 गायत्री महामंत्र का लघु अनुष्ठान, गायत्री महामंत्र लेखनएगायत्री चालीसा करने वाले परिजनों ने नारियल के गोले के माध्यम से आहुतियां दी। यज्ञ आचार्य डॉ सी एल नेमा ने अनुष्ठान का महत्व बताते हुए कहा कि हर कार्य गायत्री महामंत्र से प्रारंभ करने की बात कही यज्ञ में वर्तमान समय में चलने वाले युद्ध को रोकने एवं विश्व में शांति स्थापना हेतु 7500 आहुतियां तीन पारियों में दी गई। यज्ञ में भगवान के लिए नियमित गायत्री महामंत्र की तीन माला करने, रामचरितमानस या अखंड ज्योति का स्वाध्याय करने, प्रतिदिन एक रुपए अंशदान देने एवं सप्ताह में 1 घंटे का समय समाज सेवा मे लगाने का संकल्प लिया। रामकिशोर दुबे द्वारा गायत्री महायज्ञ एवं एमपी बाथरे द्वारा प्रज्ञा गीत का गायन किया गया। यज्ञ में ग्रामीण क्षेत्र एवं नगरवासियों की उपस्थिति रही।

# दमोह के पथरिया में बनेगा 195 करोड़ का रिंग रोड

**दमोह।** दमोह के पथरिया में 195 करोड़ रुपए की लागत से रिंग रोड का निर्माण होगा। यह घोषणा पशुपालन मंत्री लखन पटेल ने शनिवार को खेर माता मंदिर परिसर में हुए एक कार्यक्रम के दौरान की। मंत्री पटेल ने बताया कि इस रिंग रोड से लोगों को कम समय में अधिक दूरी तय करने में सुविधा मिलेगी। यह बात उन्होंने शनिवार को टीन शेड लोकार्पण कार्यक्रम में कही, जहां नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री लखन पटेल ने अपने राजनीतिक सफर पर भी बात की। उन्होंने कहा कि जब वह बैंक में थे, तब लोगों की मदद करने की सोचते थे, लेकिन जनता का कल्याण बिना राजनीतिक ताकत के संभव नहीं है। उन्होंने जनता के आशीर्वाद को अपनी सफलता का श्रेय दिया। उन्होंने पथरिया विधानसभा क्षेत्र को सिंचाई से परिपूर्ण करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने गारंटी दी कि आने वाले समय में पथरिया विधानसभा का हर गांव 100 प्रतिशत सिंचित होगा। उन्होंने बताया कि चार सिंचाई परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। मंत्री ने जानकारी दी कि पथरिया के शेष 24 गांवों को केन-बेतवा लिंक परियोजना से जोड़ा गया है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कुछ दिन पहले ही धुनयधाम सिंचाई परियोजना को भी मंजूरी दी है, जिससे पथरिया के सभी गांवों में सिंचाई संभव हो सकेगी।

# जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में नामांकुर संस्था जय हनुमान ग्राम विकास समिति, खजरी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल शक्ति से नवभक्ति कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं ग्रीष्मऋतु में ग्रामीणों एवं राहगीरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई जिससे लोगों को सहज रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके। प्याऊ का शुभारंभ मंदिर पुजारी अनिल दुबे के



करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि पानी पिलाने से बड़ा कोई धर्म नहीं होता है तथा ग्रीष्मकाल में प्याऊ का संचालन अत्यंत पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें रोशन पटेल, दयाराम पटेल, नरेश पटेल, नन्नू राठौर, घनश्याम कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। कार्यक्रम में नामांकुर संस्था के अध्यक्ष राकेश राठौर एवं परामर्शदाता बृजेश सेन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल के महत्व, संरक्षण एवं सदुपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा जल ही जीवन है का संदेश दिया गया। इस प्रकार यह पहल सामाजिक सेवा एवं जनहित की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुई।

# भोपाल में होगा तीन राज्यों के युवा विधायकों का सम्मेलन

भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में युवा विधायकों का दो दिवसीय सम्मेलन 30 और 31 मार्च, 2026 को विधानसभा के विधान परिषद हाल में आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्य में मध्यप्रदेश के 18, छत्तीसगढ़ के 15 तथा राजस्थान के 22 युवा विधायक सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 30 मार्च को उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन के प्रथम दिवस 'लोकतंत्र और नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने के लिये युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर मंथन होगा। प्रथम दिवस माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी युवा विधायकों को संबोधित करेंगे। सम्मेलन के दूसरे दिन 31 मार्च को 'विकसित भारत 2047- युवा विधायकों के दायित्व एवं चुनौतियां' विषय पर मंथन होगा। इस दिन अन्य सत्रों के अलावा एमआईटी पूना के चेयरमैन डॉ. राहुल वी. कराड का भी संबोधन होगा। समापन समारोह में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश शामिल होंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## हार्ट अटैक से हुई कर्मचारी की मौत

**दमोह।** माइसेम सीमेंट फैक्ट्री इमलाई प्लांट में शनिवार को कंपनी के एक कर्मचारी की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। मृतक कर्मचारी गोविंद अहिरवार बताया गया है। सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं इस बात की जानकारी जब परिजनों को लगी तो परिवार एवं इमलाई गांव के अनेक लोग फैक्ट्री पहुंच गए। घटनाक्रम पर फैक्ट्री प्रबंधन ने फैक्ट्री कर्मचारी की मृत्यु पर अपना गहरा दुख जताते हुए कहा कि ये घटना हमारी कंपनी के लिए अपूरणीय क्षति है।

## एकता चेतना यात्रा एवं मिलन समारोह आज

दमोह। आज 29 मार्च को अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी वर्ष पर एकता चेतना यात्रा हुआ मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि मानव अधिकार आयुक्त भोपाल अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह यादव, महासभा प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव, पूर्व सांसद सागर लक्ष्मीनारायण यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री सचिन यादव, पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप यादव, पूर्व मंत्री छतरपुर ललिता यादव, कुलपति गुना डॉ किशन यादव, पूर्व विधायक जिला कांग्रेस ग्रामीण जबलपुर संजय यादव, संभाग अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह यादव एवं नरेन्द्र यादव, दीपक यादव ने उपस्थिति की अपील की हैं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन की गरिमामयी उपस्थिति और दिशा निर्देशन तथा संचालन प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत एवं सहप्रभारी डॉ. राहुल कुमार दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा जागरूकता रैली जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 30 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर जल संरक्षण के महत्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में स्लोगन प्रतियोगिता में सुषमा लोधी, निबंध प्रतियोगिता में राजकुमारी लोधी, तथा भाषण प्रतियोगिता में जेसिका (श्रंलेपां) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

क्रमांक-का.से./2025-26/1072 दिनांक 23/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संभाग क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 66 (महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड) अंतर्गत मौजा टेमर प.ह.नं. 18 खसरा नं. 189/1, 189/2 कुल रकबा 0.359 हेक्टेयर (3590.00 वर्गमीटर) भूमि पर आवासीय भूखंडीय विकास (SAMRIDHI NAGAR) की अनुमति हेतु विकासकर्ता / कालोनाईजर श्री राजेश कुमार गुप्ता पिता श्री राम कुमार गुप्ता निवासी मकान नं. 231 गली नं. 7 सदर केन्ट जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरूद्ध निगम पक्ष में बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण निम्न है।

बंधक सम्पति का विवरण- भूखंड क्रमांक 10, 11, 12, 13 एवं सुविधा शॉप C1 कुल 05 नग कुल क्षेत्रफल 448.76 वर्गमीटर

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति / भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र एवं बंधक मुक्ति करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तया अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

**प्रभारी (कालोनी सेल)**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 28/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री डॉ. रवि कटारे पिता श्री श्याम सुंदर कटारे (2) श्री रूपल कटारे पिता श्री रवि कटारे ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बैनर्जी के भवन क्रमांक मकान नं. 1180/6/बी/6 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000400124 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 500 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 500 व.फु प्रथम तल 450 व.फु पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती अर्चना त्रिपाठी पति श्री मनीष त्रिपाठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./ सं.क्र.11/25-26
दिनांक 26/3/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती स्नेह लता चक्रवर्ती पति श्री जगदीश प्रसाद ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बैनर्जी के भवन क्रमांक 329 बी डिलाइट कम्पाउण्ड एरिया ब्लाक नं. 21 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000398867 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 385 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 385 व.फु प्रथम तल 385 व.फु पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विक्रय पत्र, वसीयतनामा, त्यागपत्र रिजीज डीड, वंटवारानामा के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती शारदा रजक पति श्री रूपचंद रजक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम, जबलपुर**



**नाम परिवर्तन/आम सूचना**

मैं इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्व सामान्य को सूचित किया जाता है कि मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम ABDUL KHERATI अब्दुल खैराती, मेरे पिता का नाम ABDUL RASEED अब्दुल रसीद मेरी माता का नाम NAZMA BEE नजमा बी निवासी 1900 भानतलैया हनुमानताल जबलपुर लिखा है।

यह कि मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड वोटर आई डी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम ABDUL KHERATI USMANI अब्दुल खैराती उस्मानी, मेरे पिताजी का नाम ABDUL RASHEED अब्दुल रसीद एवं मेरी माता जी का नाम NAZMA BEGAM नजमा बेगम निवासी 560 खेरमाई वार्ड भानतलैया जबलपुर, एवं वर्तमान में मेरे पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आई डी एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम/पता यही लिखा है एवं भविष्य में भी इसी से मुझे जाना पहचाना जावेगा, मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी/समझदारी से सत्य एवं सही है।

**पुराना नाम**
ABDUL KHERATI
अब्दुल खैराती
**वर्तमान नाम**
ABDUL KHAIRATI USMANI
अब्दुल खैराती उस्मानी
मो.- 7000347834

# मप्र में दाम बढ़ाकर दूसरे राज्यों को सस्ती बिजली बेच रही राज्य सरकार

## बढ़े हुए दामों को लेकर विभिन्न संगठनों ने किया विरोध

## नया टैरिफ वापस लेने की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हाल ही में मप्र विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया बिजली टैरिफ जारी किया है। इसमें औसतन 4.80 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई है, जिससे प्रदेश के लगभग 1.90 करोड़ उपभोक्ताओं के बिजली बिल बढ़ेंगे। नए टैरिफ के अनुसार आम उपभोक्ताओं के लिए बिजली की दर लगभग 7.05 रुपए प्रति यूनिट तय की गई है। वहीं, आयोग के दस्तावेजों के मुताबिक दूसरे राज्यों को बिजली करीब 3.81 रुपए प्रति यूनिट की दर से दी जाएगी। यानी प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए दर दूसरे राज्यों के मुकाबले करीब 3 रुपए प्रति यूनिट ज्यादा है। 26 मार्च को जारी हुए बढ़े दामों में बिजली की दर 3.81 रुपए प्रति यूनिट तय की गई है, जबकि प्रदेश के उपभोक्ताओं के लिए दर 7.05 रुपए प्रति यूनिट निर्धारित की गई है।



255 पेज के टैरिफ आदेश के पेज नंबर 76 में दी गई तालिका से यह अंतर साफ दिखाई देता है। इसमें बताया गया है कि राज्य में 10.198.02 मिलियन यूनिट बिजली सरप्लस है, जिसे कम दर पर बाहर भेजा जा रहा है।

### राज्य सरकार दोबारा करें विचार

बढ़े हुए दामों को लेकर शनिवार को नागरिक उपभोक्ता मंच सहित कई संगठनों द्वारा प्रदर्शन किया गया। जिसमें बताया गया कि सरकार निजी कंपनियों और दूसरे राज्यों से बिजली खरीदने के लिए समझौते करती है। गर्मी के समय, जब मांग बढ़ती है, तब इन समझौतों का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर खरीदी गई पूरी बिजली का उपयोग नहीं हो पाता, तब भी उसका भुगतान करना पड़ता है। उनके मुताबिक इसी वजह से अतिरिक्त बिजली दूसरे राज्यों को कम दर पर दी जाती है और प्रदेश में दरें बढ़ाकर वसूली की जाती है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 108 के तहत राज्य सरकार नियामक आयोग को निर्देश देकर इन दरों पर दोबारा विचार करा सकती है।



### दूसरे राज्यों ने नहीं बढ़ाई दरें

नए टैरिफ में मेट्रो और उच्च दाब वाले कुछ उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। इन श्रेणियों में दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। गुड़ और शक्कर बनाने वाले उच्च दाब उपभोक्ताओं को भी लाभ मिला है। बिजली मामलों के जानकार और सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना में इस बार बिजली दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। वहीं आंध्र प्रदेश, बिहार और तेलंगाना में दरों में कमी भी की गई है। मप्र ऐसा राज्य है, जहां इस बार बिजली के दाम बढ़ाए गए हैं। नागरिक उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाज पांडे का कहना है कि प्रदेश में बिजली दरों को लेकर असंतोष है और लोगों को महंगी बिजली मिल रही है। उनका कहना है कि अभी चुनाव नहीं हैं, इसलिए विरोध कम हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान विभिन्न संगठनों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर बिजली के दामों को यथास्थिति में रखने की मांग की है।



# नाबालिग को चाकुओं से गोदकर बदमाशों ने उतारा मौत के घाट

## मदनमहल क्षेत्र में देर रात वारदात

## आरोपियों की पतासाजी में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गढ़ा थाना क्षेत्र के मदनमहल चौक पर देर रात सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई है। बीती रात करीब डेढ़ बजे 17 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, मृतक की पहचान 17 वर्षीय ऋषभ राजपूत निवासी सिद्धबाबा बस्ती, लाल माटी थाना घमापुर के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए सीसीटीव्ही फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान शुरु कर दी है। बताया जा रहा है कि वारदात पांच बाईकों में पहुंचे बदमाशों ने अंजाम दिया है।

***8 से 10 बदमाशों ने किया हमला***- जानकारी अनुसार घमापुर लालमाटी निवासी ऋषभ बाइक से छोटी लाइन से मेडिकल की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मदनमहल क्षेत्र में शुभम अस्पताल के पास पहुंचा, तभी 5 बाइक पर सवार करीब 8 से 10 बदमाशों ने उसे रोक लिया, बिना किसी बातचीत के आरोपियों ने उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक ने बचने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उसे चारों तरफ से घेर लिया और लगातार वार करते रहे। सीने और पेट में गंभीर चोट लगने से वह मौके पर ही लहूलुहान हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग उसे पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं बताया जा रहा है कि वारदात के कुछ देर बाद करीब 20 वर्षीय एक युवक घायल हालत में थाने पहुंचा, जिसे चाकू लगा हुआ था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, घायल युवक मृतक का दोस्त है या वारदात में शामिल आरोपी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। घायल युवक अभी बोलने की स्थिति में नहीं है। उसके बयान के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी।

# न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने किया विशेष राजस्व शिविर का निरीक्षण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मानस भवन में आयोजित विशेष राजस्व शिविर का न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति ने निगम द्वारा करदाताओं के लिए की गई सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं और शिविर के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए निगम प्रशासन की सराहना की। इस अवसर पर न्यायमूर्ति के साथ उच्च न्यायालय एवं जिला सत्र न्यायालय के अन्य न्यायाधीशगण भी उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने न्यायमूर्ति का स्वागत किया और उन्हें शिविर की कार्यप्रणाली तथा अब तक प्राप्त राजस्व व निराकृत प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। न्यायमूर्ति ने शिविर में बनाए गए विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया और पाया कि वृद्धजनों एवं सामान्य नागरिकों के लिए बैठने व पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने संपत्ति कर, जल कर एवं अन्य विधिक प्रक्रियाओं के ऑन-स्पॉट निपटारे की सराहना करते हुए इसे जनहितैषी कदम बताया। इस दौरान निगमायुक्त ने अवगत कराया कि डिजिटल माध्यमों के उपयोग से प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आई है।

## शराब के लिए रूपए नहीं देने पर युवक से मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** युवक के साथ मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। कृष्णा कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय निश्चय श्रीवास्तव शुक्रवार शाम अपने दोस्त संगम कोल के साथ व्हीकल मोड़ स्थित पेट्रोल पंप से ईंधन डलवाकर घर लौट रहा था। जैसे ही वे पेट्रोल पंप के पीछे मैदान के पास पहुंचे, वहां पहले से मौजूद हरिओम अवस्थी ने उसे रोक लिया।पीड़ित निश्चय ने बताया कि हरिओम ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और शराब पीने के लिए रूपए की मांग करने लगा। जब निश्चय ने पैसे देने से मना कर दिया, तो आरोपी तैश में आ गया। आरोपी ने निश्चय को पकड़कर ताबड़तोड़ तीन-चार चांटे जड़ दिए। इस दौरान हुई छीनाझपटी और झूमाझपटी में पीड़ित के गले में पहनी हुई सोने की चेन जमीन पर गिर गई या छीन ली गई।

# आरटीआई पर ई-दक्ष केंद्र में प्रशिक्षण प्रारंभ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार ई-दक्ष केन्द्र जबलपुर में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 पर आधारित 2 दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार से प्रारंभ हुआ। भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग तथा आर सी व्ही पी नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल के निर्देशानुसार एवं आयोजित किया जा रहा है। शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी तथा डीलिंग क्लर्क शामिल हो रहे हैं। इन प्रशिक्षकों द्वारा आरटीआई आवेदन प्रक्रियाएं प्रथम एवं द्वितीय अपील की व्यवस्था तथा अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि किस प्रकार नागरिकों को निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाता है।



# प्लास्टिक कोटेड दोने रखने वाले 22 दुकानदारों पर लगा जुर्माना

जबलपुर ( स्वतंत्र मत)

शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधात्मक पॉलीथिन का उपयोग खरीदना-बेचना और भण्डारण करना प्रतिबंध है। इसलिए निगम द्वारा प्रतिदिन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यवही भी की जा रही है। कार्यवाही की इसी श्रृंखला में गौरीघाट को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को माँ नर्मदा की शुद्धता को प्रभावित करने वाले प्लास्टिक कोटेड दोनों के उपयोग और बिक्री को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया। नर्मदा पूजन और दीपदान के लिए प्लास्टिक कोटेड दोनों का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है। इन दोनों में मौजूद प्लास्टिक की परत जल को प्रदूषित करती है और जलीय जीवों के लिए भी घातक है। इसके बावजूद, कई दुकानदार नियमों की अनदेखी करते है । कार्रवाई के दौरान ऐसे 22 दुकानदारों को चिन्हित किया गया जो दीपदान के लिए प्लास्टिक कोटेड दोने बेच रहे थे। नगर निगम ने स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए इन दुकानदारों के चालान काटे और मौके पर ही चार हजार आठ सौ रुपये का स्पॉट फाइन वसूला। निरीक्षण के दौरान दुकानों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित प्लास्टिक कोटेड दोने जब्त किए गए।



# ट्रेन में चैकिंग के दौरान पकड़ा गांजा तस्कर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीआरपी पुलिस की टीम ने ट्रेन में चैकिंग के दौरान एक आरोपी के पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है। बताया जा रहा है कि गाड़ी संख्या 12296 में टिकट जांच के दौरान एस 7 कोच में एक बिना टिकट यात्री पाया गया। टिकट जांच के दौरान सीटीआई पिपरिया मनोज नागोत्रा एवं डीसीटीआई पिपरिया रीतेश गोस्वामी सहित टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा पूछताछ की गई, जिसमें उक्त यात्री के पास जुर्माना राशि जमा करने हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध नहीं थी। जांच के दौरान यात्री के पास मौजूद एक बैग की तलाशी ली गई, जिसमें पॉलिथीन में लिपटा हुआ संदिग्ध पदार्थ पाया गया। संदेह होने पर उक्त यात्री को पिपरिया स्टेशन पर जीआरपी को सुपुर्द किया गया। जीआरपी द्वारा विस्तृत जांच करने पर यात्री के पास लगभग 2 किलोग्राम मादक पदार्थ (गांजा) बरामद हुआ। जीआरपी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।






## पेट्रोल मांगने की बात पर रोका, फिर कर दी लूट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शातिर लुटेरों ने पहले मदद के नाम पर एक रिकवरी एजेंट को बीच रास्ते में रोका और फिर झाड़ियों में ले जाकर नगदी समेत उसका कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। दमोह निवासी हेमेंन्द्र पटेल (31 वर्ष) राइट टाउन स्थित टीवीएस एजेंसी में फील्ड एग्जीक्यूटिव हैं। शुक्रवार दोपहर वह ग्राम झगरा में एक ग्राहक राजेंद्र नरवद के घर बाइक की किश्त लेने पहुंचे थे। वहां पहले से ही कुछ संदिग्ध युवक मौजूद थे, जिन्होंने हेमेंन्द्र से उनकी नौकरी और बकाया किश्त के बारे में पूछताछ करते हुए वहीं से हेमेंन्द्र की रेकी शुरू कर दी, जब हेमेंन्द्र किश्त की बात करके वापस अपनी बाइक से चौदह मील की ओर निकला, तभी उन संदिग्ध युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर सुनसान रास्ते पर एक बाइक सवार युवक ने हेमेंन्द्र को आवाज देकर रोका और कहा, 'मेरी मम्मी की तबीयत बहुत खराब है, प्लीज थोड़ा पेट्रोल दे दो।' हेमेंन्द्र ने अपनी गाड़ी बीएस 6 होने का हवाला देकर पेट्रोल निकालने में असमर्थता जताई, लेकिन युवक ने 'अर्जेंट मदद' की गुहार लगाकर उन्हें रुकने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही हेमेंन्द्र रुके, लुटेरों के अन्य साथी भी दूसरी मोटरसाइकिल से वहां पहुंच गए। बदमाशों ने हेमेंन्द्र को जबरन पकड़ लिया और खींचते हुए सड़क किनारे झाड़ियों की ओट में ले गए। वहां आरोपियों ने उनके साथ झूमाझपटी की और उनका पिट्ठू बैग व जेब से पर्स छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद पांचों आरोपी ग्राम बोरिया की तरफ भाग निकले।

# मप्र हाईकोर्ट ने टीआई पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

## अधूरी केस डायर पेश करने पर लिया एक्शन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए चार दिनों के भीतर शहर के दूसरे थाना प्रभारी पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। दरअसल कोर्ट ने हत्या के एक मामले में केस डायरी पेश करने में गफलत करने को गंभीर त्रुटि मानते हुए खितौला थाने के विवेचना अधिकारी के खिलाफ यह कार्यवाही की। इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस एसएन भट्ट की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत में अधूरी या अपूर्ण केस डायरी पेश करना न्यायिक प्रक्रिया में बाधा है। इससे पहले भी इसी तरह की लापरवाही पर शहपुरा थाना के टीआई प्रवीण धुर्वे पर 10 हजार का जुर्माना लगाया जा चुका है।

***ये है पूरा मामला***- दरअसल खितौला थाना क्षेत्र में 11 दिसंबर 2025 को धर्मेन्द्र सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सिहोरा के पठानी मोहल्ले निवासी हर्ष कुशवाहा को 15 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। विवेचना पूर्व टीआई रमन सिंह मरकाम द्वारा की गई थी। आरोपी की और से अधिवक्ता सौरभ भूषण श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि आरोपी हर्ष 15 दिसंबर 2025 से जेल में है। चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। हर्ष मुख्य आरोपी नहीं, बल्कि उसपर सिर्फ मोबाइल रखने का आरोप है। घटना के समय मौके पर मौजूद नहीं था और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। सुनवाई के बाद दिए फैसले में कोर्ट ने माना कि आरोपी की उम्र 25 वर्ष है। घटना में उसकी सीधी भागीदारी नहीं दिखती। उससे सिर्फ मोबाइल की बरामदगी हुई है। ट्रायल में समय लगेगा। इसी आधार पर कोर्ट ने कहा कि (जमानत नियम है, जेल अपवाद) है। इसके मद्देनजर भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कोर्ट ने हर्ष की जमानत अर्जी मंजूर की।



सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया की पहले राज्य पक्ष ने कहा कि केस डायरी उपलब्ध नहीं है। बाद में वही डायरी प्रस्तुत कर दी गई। इस लापरवाही पर कोर्ट ने नाराजगी जताई और कहा कि बार-बार ऐसी गलती से सुनवाई प्रभावित होती है। फलस्वरूप कोर्ट ने जांच अधिकारी पर 10 हजार का जुर्माना लगाते हुए यह राशि 7 दिन में जमा करने का आदेश दिया है।

## डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का आगमन आज

**जबलपुर।** उप मुख्यवमंत्री जगदीश देवड़ा का आज रविवार 29 मार्च को सुबह 5.35 बजे इंदौर जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से जबलपुर आगमन होगा तथा वे स्टेशन से सीधे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। श्री देवड़ा सुबह 11 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा दोपहर 12 बजे जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि 11 बजे तक का समय स्थांनीय कार्यक्रमों के लिए आरक्षित रहेगा।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**